


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 263 | कोरबा, रविवार , दिनांक 23 जून 2024 डाक 24 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

झारखंड के रांची में भीषण जल संकट के बीच रांची नगर निगम (आरएमसी) का एक कर्मचारी खाली बाल्टी में पीने का पानी भरता हुआ



**देश-विदेश**

महज लीपापोती है पेपर लीक के खिलाफ नया कानून परीक्षा विवाद पर मल्लिकार्जुन खरगे ने उठाए कई सवाल



**फीचर पेज**

अवसाद मिटाने से लेकर मूड बेहतर करने तक, संगीत सुनने से मिलते हैं ये 5 फायदे



# बिहार में अब तीसरा पुल हादसा

## पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा



**पटना, 23 जून [एजेंसी]।**

एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है। इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ।लोगों ने कहा कि अब सवाल उठता है कि ढलाई के वक्त ही पूल ध्वस्त हो जा रहा है। इसकी गुणवत्ता क्या होगी। इसके लिए कौन जिम्मेवार है। बिहार सरकार इस मामले की जांच करे और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करे। इधर, पुल हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की। गिरे हुए पुल के सामने ग्रामीण खड़े हो गए इसके बाद नारेबाजी करने लगे।

उनका कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क में 40 फीट पुल बनने का काम चल रहा था। ढलाई के कुछ घंटे बाद ही पुल ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि आरसीसी पुल का निर्माण धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा करवाया जा रहा है।

# इसरो का एक और कीर्तिमान, दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले विमान की तकनीक का तीसरा परीक्षण भी सफल

**बंगलूरू, 23 जून [एजेंसी]।**




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को बताया कि उसने अपनी रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (प्रक्षेपण यान को दोबारा इस्तेमाल इस्तेमाल करने की तकनीक ) का तीसरी बार सफल परीक्षण किया। इसरो ने बताया कि इस बार ज्यादा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रक्षेपण यान का परीक्षण किया और वह सभी मानकों पर खरा उतरा। इस परीक्षण में इसरो ने लैंडिंग इंटरफेस और तेज गति में विमान की लैंडिंग की स्थितियों की जांच की। इस परीक्षण के साथ ही इसरो ने आज के समय की सबसे अहम तकनीक में से एक को हासिल करने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा दिया है। इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल का तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में रविवार सुबह 7.10 बजे किया गया। इससे पहले इसरो रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के दो सफल परीक्षण कर चुका है। तीसरे परीक्षण में प्रक्षेपण यान को ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया और इस दौरान तेज हवाएं भी चल रहीं थी, इसके बावजूद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने पूरी सटीकता के साथ रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की। परीक्षण के दौरान वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से प्रक्षेपण यान पुष्पक को साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया।

इसके बाद प्रक्षेपण यान पुष्पक ने स्वायत तरीके से रनवे पर सफल लैंडिंग की। लैंडिंग के दौरान यान की गति करीब 320 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। बता दें कि एक कमर्शियल विमान की लैंडिंग के वक्त स्पीड 260 किलोमीटर प्रतिघंटे और एक लड़ाकू विमान की गति करीब 280 किलोमीटर प्रतिघंटे होती है। लैंडिंग के वक्त पहले ब्रेक पैराशूट की मदद से प्रक्षेपण यान की गति को घटाकर 100 किलोमीटर प्रतिघंटे पर लाया गया और फिर लैंडिंग गीयर ब्रेक की मदद से रनवे पर विमान को रोका गया।

# नक्सलियों के पास मिली नकली नोट छापने की मशीन, 50, 100, 200, 500 रुपये के सैंपल भी मिले

**सुकमा, 23 जून [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ा राजफाश हुआ है। पहली बार नक्सलियों के पास से नोट छापने के उपकरण मिले हैं। सर्चिंग टीम ने मौके से 50, 100, 200, 500 रुपये के नकली नोट के सैंपल बरामद किए हैं। सुकमा पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए बताया कि फंड की कमी से जूझ रहे नक्सली अब नकली नोट का इस्तेमाल कर रहे हैं। जवानों की सर्चिंग टीम ने कोराजगुड़ा के जंगलों से बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है। सुकमा पुलिस ने बताया कि नक्सलियों द्वारा नकली नोट छापने और उसे खपाने की जानकारी मिली।

इस पर सुकमा पुलिस अलर्ट हो गई। तुरंत जिला बल, डीआरजी बस्तर फाइटर एवं 50 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र की ओर निकली। इसी दौरान ग्राम कोराजगुड़ा के जंगल में सुरक्षा बल को देख नक्सली मौके से फरार हो गए। इसके बाद सुरक्षा बल ने घटनास्थल की सघन सर्चिंग की तो जवानों को अलग-अलग जगहों से नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गये नकली नोट बनाने की मशीन, कलर प्रिंटर मशीन, इंवर्टर मशीन, कलर इंक के साथ 50, 100, 200 व 500 रुपये के नकली नोट के सैंपल मिले हैं।

जवानों ने इसके अलावा भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, मैग्जीन पोच, नक्सली काली वर्दी कपड़ा एवं भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में बड़े नक्सली कैडरों ने प्रत्येक एरिया कमेटी के एक-एक नक्सली सदस्य को नकली नोट छापने की ट्रेनिंग दी थी। प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने एरिया कमेटी में प्रशिक्षित नक्सली नकली नोट छापकर अंदरुनी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में खपा रहे थे।

## तीन वाहनों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत,12 घायल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शनिवार की देर रात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। तीन वाहनों के आपस में टकराने से तीन लोगों की जान चली गई। हादसे में 12 अन्य लोग घायल हैं। भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट के पास यह दुर्घटना हुई है। उधर, जबलपुर से कटनी के बीच पहिया फटने से एक कार पलट गई। हादसे में पुलिस मुख्यालय भोपाल के कर्मचारी की मौत हो गई और सात घायल हैं।

# मंत्री समर्थक भाजपा नेता की हत्या, भगवा यात्रा के लगवा रहा था झंडे-बैनर, मार दी गोली

## आरोपियों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी



**इंदौर, 23 जून [एजेंसी]।**

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समर्थक मोनू कल्याणे की शनिवार रात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद सुबह कुछ लोगों ने आरोपियों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की। मोनू रविवार को भगवा यात्रा निकालने वाला था। वह देर रात साथियों के साथ झंडे-बैनर लगवा रहा था। पुलिस ने उसकी हत्या में दो लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 2 बजे चिमनबाग के समीप गणेश मंडल के सामने की है। उषा फाटक निवासी मोनू पुत्र राजेंद्र कल्याणे अपने भाई और दोस्तों के साथ झंडे - बैनर लगवा रहा था। रविवार को मोनू ने चिमनबाग से राजवाड़ा तक भगवा यात्रा निकालने की तैयारी की थी। तभी दो बदमाश आए और दनादन फायर कर दिए। एक गोली मोनू के सीने में लगी और एक गोली दायें हाथ को छूते हुए निकल गई। साथी उसे गंभीर अवस्था में एमवाय अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोनू कल्याणे विधानसभा क्रमांक-3 में काफी सक्रिय था। वह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के खास समर्थकों में से एक था। मोनू भारतीय जनता युवा मोर्चा में भी पदाधिकारी था। जानकारी के मुताबिक दो लोगों पीयूष और अर्जुन को पुलिस ने नामजद आरोपित बनाया है।

# महाराष्ट्र में बीजेपी को बड़ा झटका, विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री ने छोड़ी पार्टी



**नांदेड़, 23 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कुछ दिनों बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सूर्यकांत पाटिल ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी छोड़ने के बाद कहा कि मैंने पिछले 10 वर्षों में बहुत कुछ सीखा है। मैं पार्टी की आभारी हूं। सीट बंटवारे के दौरान हिंगोली सीट एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के लिए छोड़ दी गई थी।

आम चुनाव के दौरान भाजपा ने उन्हें हदगांव हिमायतनगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रमुख की जिम्मेदारी दी थी। शिवसेना हिंगोली सीट उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट से हार गई थी। पाटिल ने चार बार सांसद और एक बार विधायक के रूप में हिंगोली-नांदेड़ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वह संप्रग सरकार के दौरान ग्रामीण विकास और संसदीय मामलों की राज्य मंत्री थीं। शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी से नाता तोड़ने के बाद 2014 में भाजपा में शामिल हुईं पाटिल ने मराठवाड़ा के हिंगोली निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी का नामांकन मांगा था, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला।

# मुश्किल में फंस ऋषि सुनक की पार्टी, एक और अधिकारी पर लगा सट्टेबाजी का आरोप




**लंदन, 23 जून [एजेंसी]।**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी मुश्किल में फंस गई है। सुनक के एक अधिकारी पर सट्टेबाजी का आरोप लगा है। आरोप है कि अधिकारी ने आम चुनाव की तिथि घोषित होने से पहले ही उस पर सट्टा लगा दिया था, ब्रिटेन का जुआ नियामक इस बात की जांच कर रहा है। घोटाले को लेकर बढ़ते आरोपों ने सुनक की विपक्षी लेबर पार्टी को उनपर हमला बोलना एक नया मौका दिया है। वहीं, आम चुनाव में पहले से जनमत सर्वेक्षणों में पिछड़ रही सुनक की पार्टी को ये नया झटका लगा है। सुनक ने गुरुवार को कहा कि वह अपने पार्टी सहयोगियों के खिलाफ आरोपों के बारे में सुनकर बेहद क्रोधित हैं। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताया। वहीं, घोटाले में नामित कंजर्वेटिव उम्मीदवारों में से एक, क्रेग विलियम्स ने पहले ही इस गलती के लिए माफी मांग ली है और पार्टी के अभियान निदेशक टोनी ली ने अनुपस्थिति की छुट्टी ले ली है। दूसरी ओर सुनक के आवास मंत्री माइकल गोव ने एक अखबार को दिए साक्षात्कार में सट्टेबाजी के आरोपों की तुलना पार्टीगेट घोटाले से की।उन्होंने कहा कि यह सबसे अधिक नुकसानदायक बात है। गोव 14 वर्षों तक सांसद रहने के बाद इस चुनाव से हट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टीगेट के समय पार्टी को नुकसान हुआ था और यहां भी यह नुकसानदायक है। महामारी के दौरान जब देश के बाकी हिस्से लॉकडाउन में थे, तब डाउनिंग स्ट्रीट में आयोजित पार्टियों के खुलासे पर जनता के गुस्से के बाद प्रधानमंत्री जॉनसन को 2022 में पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। अब कंजर्वेटिव पार्टी का एक और वरिष्ठ नेता नवीनतम घोटाले में फंस गया है।

## यूपी में अब पांचवां वेतनमान वाले कर्मचारियों का बढ़ाया गया महंगाई भत्ता

### एक जनवरी 2024 से मिलेगा लाभ, शासनादेश जारी

**लखनऊ 23 जून।** प्रदेश सरकार ने छठे वेतनमान वाले कर्मचारियों के बाद अब पांचवां वेतनमान पाने वाले कर्मियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ा दिया है। अब इन कर्मचारियों को मूल वेतन का 443 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। इन्हें यह लाभ एक जनवरी 2024 से दिया जाएगा। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इसका शासनादेश जारी कर दिया है। अभी तक पांचवें वेतनमान पाने वाले कर्मी मूल वेतन का 427 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता पाते थे। इसमें 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब इन्हें 443 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। इसका लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्हें एक जनवरी 2006 से पुनरीक्षित वेतन का लाभ नहीं मिल रहा है। एक जनवरी से 31 मई तक बढ़ी हुई दर पर महंगाई भत्ते की देय धनराशि कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते, पीपीएफ या फिर एनएससी के रूप में दी जाएगी। राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ लेने वाले कर्मियों की अवशेष धनराशि का 10 प्रतिशत उनके टियर-एक पेंशन खाते में जमा की जाएगी। शेष 90 प्रतिशत धनराशि कार्मिक के पीपीएफ में जमा कराई जाएगी या फिर एनएससी के रूप में दी जाएगी।

# प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज को गिरफ्तार किया गया



**नईदिल्ली, 23 जून [एजेंसी]।**

## जेडीएस कार्यकर्ता के उत्पीड़न का आरोप

जनता दल-सेक्युलर के नेता सूरज रेवन्ना को गिरफ्तार कर लिया गया है। सूरज यौन शोषण के आरोपों में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं। प्रज्वल पर कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है। इस बीच सूरज को कथित तौर पर एक पुरुष पार्टी कार्यकर्ता के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, हासन लोकसभा सीट से हारने वाले प्रज्वल को 31 मई को जर्मनी से लौटने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। प्रज्वल के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी के मामले दर्ज है।

उनके पिता एच डी रेवन्ना और मां भवानी जमानत पर बाहर हैं। उन पर अपने बेटे प्रज्वल के यौन उत्पीड़न की कथित पीड़िता का अपहरण करने और उसे अपने पास रखने का आरोप है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि जेडी(एस) एमएलसी सूरज रेवन्ना पर शनिवार को मामला दर्ज किया गया था। उन पर कुछ दिन पहले पार्टी कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर यौन शोषण का आरोप है। चेतन केएस (27) ने पुलिस में शिकायत की थी कि होलेनरसीपुरा के विधायक एचडी रेवन्ना के सबसे बड़े बेटे सूरज रेवन्ना ने 16 जून की शाम को होलेनरसीपुरा तालुक के घन्नीकाडा स्थित अपने फार्महाउस में उनका यौन शोषण किया। शिकायत के आधार पर होलेनरसीपुरा पुलिस ने शनिवार देर शाम जेडी(एस) एमएलसी के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे सूरज रेवन्ना (37) ने आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन किया है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# दो ट्रेनों में मिले थे महिला के शव के टुकड़े, पुलिस ने तीन संदेहियों को पकड़ा, इनमें से एक साइको

**इंदौर, 23 जून [एजेंसी]।**



इंदौर और ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के अंदर महिला के शव के टुकड़े मिलने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने महिला की पहचान रतलाम के बिलपांक निवासी मीराबेन के रूप में की थी।

पुलिस ने तीन में से एक संदेही कमलेश को उज्जैन से हिरासत में लिया है, वह साइको बताया जा रहा है। इससे मीराबेन की मुलाकात रतलाम में हुई थी। इस मामले में एक महिला को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

इंदौर में नागदा-महू पैसेंजर ट्रेन और ऋषिकेश में योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस में महिला के शव के टुकड़े मिले थे। महिला के हाथ पर मीराबेन और गोपालभाई नाम का टैटू गुदा मिला था।घटना में यह भी आशंका जताई गई थी कि दोनों ट्रेनें एक ही समय में उज्जैन में रुकी थी, यहीं शवों के टुकड़ों को इनमें रखा गया। पुलिस ने महिला के हाथ पर गुदे टैटू मीराबेन से जांच शुरू की। इस दौरान आस-पास के जिलों में गुम महिलाओं की जानकारी पता करवाई गई। इसमें रतलाम जिले के बिलपांक से गुम हुई महिला का नाम मीराबेन मिला। पुलिस ने महिला के परिजनों को बुलाकर टैटू और कपड़े बताए, जिसके बाद उन्होंने उसे पहचान लिया।

वह मानसिक रूप से बीमार थी। उसकी बेटियों ने इसकी पुष्टि की। वह पति से झगड़ा कर राशन लेने निकली थी। पति ने गुमशुदगी भी दर्ज करवाई थी।पुलिस इस मामले में अलग-अलग पहलुओं पर जांच कर पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला की हत्या किसने की। अभी तक हुई जांच में यह तो साफ है कि हत्या के बाद लाश के टुकड़े किए गए हैं। इसके बाद इन्हें ठिकाने लगाने के लिए ट्रेन के अंदर रख दिया गया।

## मानसूनी बारिश में तेजी से पहले सरकार अलर्ट, शाह ने की अहम बैठक



**नई दिल्ली।** हर साल मानसून की बारिश के कारण विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि के चलते बिहार, असम और अन्य पूर्वी राज्यों के कई क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं। इसी के चलते, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। इससे पहले गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया था कि देश में बाढ़ से निपटने की समग्र तैयारियों की समीक्षा के लिए आज गृह मंत्री अमित शाह एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

# पोड़ी-बहार एसएलआर सेंटर पहुंचकर उपमुख्यमंत्री साव ने किया मुआयना



कोरबा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोरबा प्रवास पर रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, नगर पालिक निगम कोरबा के पोड़ीबहार एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचे, उन्होने सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों से चर्चा की तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो एवं सेंटर से स्वच्छता दीदियों को हो रही अतिरिक्त आय आदि की जानकारी ली, सेंटर में सूखे व गीले कचरे के पृथकीकरण व कचरा प्रबंधन के साथ-साथ सेंटर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। स्वच्छता दीदियों के कार्यो की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

अंचल के सीएसईबी फुटबाल खेल मैदान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात उपमुख्यमंत्री अरूण साव अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पोड़ीबहार में बस्ती में संचालित एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचे, सेंटर में उपस्थित स्वच्छता दीदियों ने उपमुख्यमंत्री श्री साव का तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होने एस.एल.आर.एम. सेंटर की व्यवस्थाओं का सघन रूप से जायजा लेते हुए सेंटर में सूखे व गीले कचरे के पृथकीकरण एवं कचरा प्रबंधन से जुड़े कार्यो का अवलोकन किया। स्वच्छता दीदियों से चर्चा की, सेंटर में प्रतिदिन आने वाले सूखे व गीले अपशिष्ट की जानकारी लेते हुए स्वच्छता दीदियों को सूखे कचरे व खाद के विक्रय से होने वाली अतिरिक्त आय की जानकारी ली। स्वच्छता दीदियों ने बताया कि उन्हें शासन से प्रतिमाह प्राप्त होने वाले 07 हजार रूपये के मानदेय के अतिरिक्त सूखे कचरे के विक्रय से औसतन प्रतिमाह 02 हजार रूपये की आय हो जाती है, साथ ही सेंटर में गीले कचरे से बनाए गए खाद के विक्रय से भी उन्हें आमदनी होती है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने स्वच्छता दीदियों की कार्यो की सराहना की तथा शहर की स्वच्छता में उनकी भूमिका के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू, संचालक कुंदन कुमार, कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत, निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, सूडा सीईओ शशांक पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा तथा नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल उपस्थित थे।

### अशोक वाटिका, कन्वेंशन सेंटर, विवेकानंद परिसर का भी किया निरीक्षण

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सीएसईबी चौक से स्टेडियम मार्ग पर नवनिर्मित कराए गए अशोक वाटिका का भी निरीक्षण किया, वाटिका में आमनागरिकों के मनोरंजन, पर्यटन, योगाभ्यास, व्यायाम सहित उपलब्ध कराई गई अन्य विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन करते हुए सुविधाओं की और अधिक बेहतरी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा कोसाबाड़ी-रिसदी मार्ग पर निर्मित कराए गए कन्वेंशन सेंटर एवं निगम द्वारा निर्मित कराए गए स्वामी विवेकानंद शैक्षणिक संस्थान भवनों का निरीक्षण किया तथा इन भवनों के संचालन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## प्रीलिटिगेशन प्रकरण में राजीनामा कराये जाने के छूट संबंधी जानकारी सभी पक्षकारों को दिया जावें




कोरबा। दिनांक 13 जुलाई 2024 को आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एव पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा बैंक, नगर पालिक निगम कोरबा, दूरसंचार विभाग एवं अन्य वित्तीय संस्थान के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्ताओं की प्रीलिटिगेशन संबंधी बैठक ए.डी.आर. भवन कोरबा में ली गई। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय जी के द्वारा सभी बैंकों को प्रीलिटिगेशन के प्रकरण को अधिक से अधिक संख्या में लगाये जाने तथा प्रीलिटिंगेशन प्रकरण में मिलने वाले छूट की जानकारी पक्षकार गण को दिये जाने हेतु कहा गया जिससे नेशनल लोक अदालत में राजीनामा होने वाले प्रीलिटिगेशन प्रकरण के छूट का लाभ मिले और अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण किया जा सकें। उक्त बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक, बिन्देश्वर कामत, नरोत्तम सिंह ठाकुर, एल.डी.एम., नीरज कुमार चैरसिया, मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, कमलेश राठोर, प्रबंधक, इंडियन बैंक आफ, इडिया, राजु मुण्डा, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, निधि सिन्दे, अत्यावसायी कोरबा, जीवन लाल कर्ष, नगर पालिक निगम कोरबा, अमरिष, छ0ग0 राज्य ग्रामीण बैंक, किशोर कुमार एक्का, बैंक आफ बड़ौदा कोरबा, बीना प्रसाद, पी.एन. बी. कोरबा अनिल अग्रवाल, अभिनव कुमार शाक्य, पी.एन.बी., अस्टि टोप्पो, यूनियन बैंक आफ इंडिया, रोशन सिंह, सेंन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, मेधा बैंस, एवं कपिल मिश्रा, एच.डी.बी. फायनेंस कोरबा के शाखा प्रबंधक उपस्थित हुये।

## पंचायत सचिव हड़ताल की तैयारी में



कोरबा । जिले में प्रदेश पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई कोरबा जिला के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सचिव संगठन जिला कोरबा के जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर के नेतृत्व मे अपनी 4 सूत्रीय मांग की समस्याओ का निराकरण 7 दिन के अंदर करने के लिए ज्ञापन मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा के नाम से दिया गया। इसे जिला सीईओ की अनुपस्थिति मे उप संचालक सुश्री जुली तिर्की को दिया गया। चार सूत्रीय मांग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास के कारण रोके गये वेतन का भुगतान, सचिवों का वेतन भुगतान किया जाए एक निश्चित तारिख, लंबित वेतन का भुगतान सहित एरियर्स राशि के भुगतान की मांग शामिल हैं ।बताया जा रहा हैं की इसके निराकरण हेतु 07 दिवस के अंदर किये जाने के संबंध मे 12 जून को ज्ञापन दिया गया था। जिस पर 07 दिन बीतने के बाद भी किसी प्रकार की कोई उचित कार्यवाही नहीं की गयी। इसी कारण समस्त सचिव जिला सचिव ने 24 जून दिन सोमवार से जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन काम बंद-कलम बंदआंदोलन करने का निर्णय लिया है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला पंचायत की होगी।

ज्ञापन सोपने वालों मे राजकुमार रजक, मोहम्मद हसन, रहीम भाई, रामकुमार टेकाम (पाली अध्यक्ष), पुनिदास मानिकपुरी, समार सिंह टेकाम, विजय एक्का, धर्मराज मरकाम, छतरपाल विन्ध्यराज, हरिसिंह कवर, रविशंकर जायसवाल, श्रीमती लता पटेल के अलावा भारी संख्या मे अन्य सचिव साथी उपस्थित रहे।

## नियुक्ति में प्राथमिकता देने की मांग

कोरबा। उप मुख्यमंत्री अरूण साव के कोरबा प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के पिछड़ी जनजाति में शामिल पहाड़ी कोरवा और बिरहोर समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। पहाड़ी कोरवा और बिरहोर ने नियुक्ति में प्राथमिकता की मांग की है। योग्यता के अनुसार सहायक शिक्षक या सहायक ग्रेड-तीन और भृत्य के पद पर नियुक्ति की मांग उन्होंने डिप्टी सीएम से की है ।प्रतिनिधि मंडल ने साव को बताया कि कोरबा जिले में पहाड़ी कोरवा और बिरहोर की लगभग 10 हजार आबादी रहती है। वर्तमान में जनजाति परिवार के कई युवक-युवती 10 और 12वीं की परीक्षा पास कर चुकें हैं। कई ने आठवीं तक की पढ़ाई की है। संरक्षित जनजाति के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश सरकार से इन युवाओं को सीधी भर्ती में प्राथमिकता के साथ रखने की मांग की है। उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार सहायक शिक्षक या सहायक ग्रेड-तीन और भृत्य के पद पर नियुक्त की मांग की है। नया शिक्षा सत्र अगले सप्ताह से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए शिक्षा विभाग ढेर सारी तैयारियों को करने का दावा कर रहा है। लेकिन विभाग के पास सबसे बड़ी चुनौती स्कूलों में शिक्षकों को नियुक्त करने की है। पिछले साल 70 से अधिक स्कूल एक ही शिक्षक के भरोसे चल रहे थे। इस बार भी नया सत्र शुरू हो रहा है। लेकिन विभाग के पास शिक्षकों की कमी बनी हुई है। इससे निपटने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक कार्य योजना बनाई गई है। इसके तहत 118 हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में अतिथि शिक्षकों को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया था। प्रशासन का दावा था कि अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले कर ली जाएगी। पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नया शिक्षा सत्र 16 जून से शुरू हो रहा था। लेकिन इस अवधि में शिक्षा विभाग अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरा नहीं कर पाया। इस बीच सरकार ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए गर्मी की छुट्टियां 25 जून तक बढ़ा दी और 26 जून से नया सत्र चालू करने के लिए कहा। अब सत्र चालू होने में चार दिन का ही समय बचा है।

## दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा खुला ट्रांसफार्मर



कोरबा । जिले में भी मानसून की शुरुआत हो चुकी है। सब अपने-अपने तरीके से जतन करने में लगे हुए हैं। ताकि बरसात में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना हो। लेकिन लगता हैं की बिजली विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है। ट्रांसफार्मर में लगाए गए डिब्बे खुले हैं। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग ने इनमें दरवाजे भी लगाए हैं। लेकिन यह दरवाजे कभी बंद नहीं रहते और बहुत से डिब्बो से भी दरवाजे गायब हैं।

इसी कड़ी में पं. रविशंकर शुक्ल नगर के पूरे वार्ड में कई जगहों पर बिजली के खंभों के नीचे पैनल बॉक्स खुले पड़े हैं। इसकी वजह से हादसा होने की आशंका बनी रहती है। बिजली विभाग के अधिकारी खुले पैनल से बेखबर हैं। अगर समय रहते समस्या का हल न हुआ तो कोई और बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान ने बताया कि पूरे वार्ड में बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है, हल्की सी हवा चलने पर घंटो बिजली बंद हो जाती है। वार्ड में स्थित बिजली खंभे, तार और जगह-जगह लगे ट्रांसफार्मर एवं फ्यूज बॉक्स बरसों पुराने हैं, जिन्हें बदलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के लिए जल्दी विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा, ताकि वार्ड में हो रही समस्याओं से राहत मिल सके।

## कुआंभट्टा क्षेत्र के निवासियों को मिला उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश

कोरबा । कोरबा अंचल में कुआंभट्टा क्षेत्र के निवासियो को उच्च न्यायालय के आदेश पर बेदखल करने आए तहसीलदार, पटवारी और पुलिस प्रशासन को बस्ती वालों के विरोध से उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा था। बस्ती वालों ने वार्ड पार्षद के साथ मिलकर उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया हैं। इस संबंध में वार्ड पार्षद शैलेंद्र सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय में गरीबों के सम्मान में अपना आदेश देते हुए इस मामले में हमें स्थगन आदेश दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि पूर्व में जब कोरबा में कांग्रेस के विधायक जयसिंह अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की सरकार की तब शहर में किसी गरीब की झोपड़ी नहीं टूटी अभी वर्तमान में भाजपा की सरकार बनी केवल 6 माह बीते हैं। ऐसे में अपने पूंजीपति दोस्तों को लाभ पहुंचाने के इरादे से बरसों से काबिज गरीबों को उनके आवासों से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका विरोध अवश्य होना चाहिए। वार्ड पार्षद ने उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश मिलने पर बस्ती के लोगों के साथ पूर्व विधायक एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मिलकर उनका धन्यवाद व्यक्त किया।

## कमाई के मामले में वेदांता ग्रुप ने पीछे छोड़ा



कोरबा। अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाले वेदांता ग्रुप ने इस साल कमाई के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा ग्रुप और टाटा ग्रुप को पीछे छोड़ दिया है। ग्रुप की कंपनियों में वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड शामिल हैं। चालू फाइनेंशियल ईयर में वेदांता ग्रुप के निवेशकों की वेल्थ में काफी इजाफा हुआ है। इस दौरान दोनों कंपनियों का कंबाइंड मार्केट कैप 2.2 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 28 मार्च से 20 जून के बीच वेदांता समूह के कुल बाजार पूंजीकरण में 2.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा ग्रुप और टाटा ग्रुप जैसे देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। 'मेटल किंग' के नाम से मशहूर अनिल अग्रवाल की जन्म पटना में एक मारवाड़ी परिवार में हुआ था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक के शेयरों के भाव अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर से लगभग दोगुने हो गए हैं। इस दौरान गौतम अडानी की अगुवाई वाले अडानी ग्रुप और महिंद्रा ग्रुप के मार्केट कैप में 1.4 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि देखी गई। इसी तरह देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप का बाजार पूंजीकरण 60,600 करोड़ रुपये से अधिक बढ़ा जबकि एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में 20,656.14 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई।

## बीकन स्कूल में मनाया गया योग दिवस

कोरबा। बीकन अंग्रेजी माध्यम हाईस्कूल ढेलवाडीह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महिला योग प्रशिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर योगाभ्यास प्रारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग साधक मानूराम मांझी (पतंजलि किसान सेवा समिति जिला कोरबा प्रभारी) एवं महिला पतंजलि ढेलवाडीह शाखा से योग साधिकाएँ हेमलता मांझी, अष्टमी सिंग, सुग्गन देवी पासी,परवीन, सावित्री, अष्टमी सिंह, संतोषी, मंजू, राजकुमारी, मीना देवी, पियुषवरानी श्रीमती कुमारी, रंजिता, प्राचार्या श्रीमती मीना शर्मा, एसपी सोना, प्रेरणा तिवारी, बसंती ठाकुर, आरके राठौर, श्वेता राणा, गिरजेश्वरी कैवर्त, कुसुम सहिस, अन्नु मंडल, सीता पटेल, रामेश्वरी पटेल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं पालकों ने योगाभ्यास किया।

योग साधिका कु.जिज्ञासा द्वारा विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री मांझी ने किया। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शीलप्रभा सोना ने आभार व्यक्त किया।

## जिला न्यायालय परिसर कोरबा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



कोरबा। माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा जारी निर्देशानुसार योगा फार सेल्फ एंड सोसायटी थीम पर दिनांक 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय परिसर कोरबा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा किया गया । उक्त अवसर पर श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश कोरबा, श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय कोरबा, श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश, (एस्ट्रोसिटी) एक्ट कोरबा, श्रीमती गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्री अश्वनी कुमार चतुर्वेदी, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.), श्री विक्रम प्रताप चन्द्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, एफ.टी.एस.सी.(पाक्सो) कोरबा, कृष्ण कुमार सूर्यवंशी द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, श्री मंजीत जांगड़े एवं श्रीमती ऋचा यादव, व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी, कोरबा, प्रशासनिक अधिकारी श्री पी0के0 देवांगन, डॉ. विनोद भास्कर, न्यायालय प्रबंधक, उपाधीक्षक श्री अनिल कुमार पटेल, श्री दिनेश कुमार टेंगवार, अध्यक्ष, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ कोरबा, जिला न्यायालय कोरबा परिवार न्यायालय कोरबा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के तृतीय/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित थे। श्री अनिल देशमुख, आर्ट आफ लिविंग योग प्रशिक्षक के द्वारा अतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग का अभ्यास कराते हुये। प्रतिदिन सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम करने हेतु सभी को आग्रह करते हुये कहा गया कि यह व्यायाम एवं प्राणायाम प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन करना चाहिये। माननीय प्रधान न्यायाधीश महोदय जी के द्वारा इस अवसर पर सभी न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वस्थ रहने हेतु प्रतिदिन नियमित रूप से योगा करने का हेतु सलाह दिया गया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा जिला जेल कोरबा में अभिरंक्षाधीन बंदियों के मध्य जाकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, व्यवहार न्यायालय एवं तालुका विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली में इस अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें व्यवहार न्यायालय कटघोरा, करतला एवं पाली के न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुये।



## पार्षद सोनी ने सौंपा ज्ञापन

कोरबा । शहर के हृदयस्थल में जर्जर हो चुके नगर कोतवाली का निर्माण और विकास कराये जाने संबंधी वार्ड-11 नई बस्ती के पार्षद दिनेश सोनी ने 21 जून योग दिवस पर कोरबा प्रवास पर आये उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा है।

पार्षद दिनेश सोनी ने उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव को बताया कि वार्ड-11 में वर्षों पुराना नगर कोतवाली कार्यालय व कालोनी स्थित है। आवासीय कालोनी काफी जर्जर हो चुकी है और उक्त अनुपयोगी हो चुके कालोनी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव होने पर भी अधिकारी/कर्मचारी मजबूरी में निवास कर रहे हैं।

पार्षद सोनी ने प्रभारी मंत्री साव से आग्रह किया कि अनुपयोगी हो चुके कालोनी को अवलोकन/निरीक्षण कर पुनःनिर्माण एवं विकास कराये जाने हेतु उचित पहल की जाए। सोनी ने बताया कि इससे पहले भी वे लगातार कई मौकों पर शासन-प्रशासन का ध्यान इस विषय पर आकृष्ट कराते रहे हैं। उन्होंने आगे कहा की नगर कोतवाली परिसर में काफी विशाल भूमि स्थित है जिसका वर्तमान विकास के दौर में सदुपयोग किया जाना आवश्यक है। यहां बेहतर कालोनी और अन्य विकास कार्य कराये जाने के साथ-साथ संसाधनों का सुदृढ़ीकरण कराने की आवश्यकता मासूस की जा रही हैं।

## स्पेशल स्कूल के छात्रों ने किया कमाल



कोरबा। इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित दिव्य ज्योति स्पेशल स्कूल कोरबा के दृष्टि दिव्यांग व श्रवण दिव्यांग छात्रों ने कमाल कर दिखाया ।दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय छात्रावास कोरबा में निवासरत छात्र चंद्रभान साहू दृष्टि दिव्यांग है, उसने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 86.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय व छात्रावास का व कोरबा जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी का छात्र है व छात्रावास में रहता है। उसने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त किया है जिसमें हिंदी में 100 में 95, अंग्रेजी में 89, संस्कृत में 91, संगीत में 76, विज्ञान में 79, सामाजिक विज्ञान में 88 अंक अर्जित किया है। दिव्य ज्योति छात्रावास की प्रमुख श्रीमती रीता क्षेत्रपाल द्वारा सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं

इसी तरह दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय व छात्रावास के श्रवण दिव्यांग विद्यार्थियों का कक्षा 12वीं में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान उदयभान श्रीवास ने 68.25 प्रतिशत अंक अर्जित किया। विशेष योग्यता ड्राइंग एंड पेंटिंग में 100 में से 85 अंक, स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 86 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। कुमारी बबीता सिदार ने 65.75 प्रतिशत अंक अर्जित किया है ।ड्राइंग एंड पेंटिंग में 100 में 85, स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 81 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। अंकित सोनी ने 61.25त्न अंक प्राप्त किया, ड्राइंग एवं पेंटिंग में 100 में 80 स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 80 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। निलम आनंद का 61त्न रहा ।संस्था से जुड़े पारस जैन ने बताया कि शुरू से ही ये विद्यार्थी मेधावी रहे हैं। दिव्य ज्योति इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी व छात्रावास विद्यालय का नाम इन्होंने रोशन किया है। समस्त छात्रावास परिवार में इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### छात्रों को दोबारा मौका, लिए जा रहे आवेदन

कोरबा। छत्तीसगढ़ में इसी सत्र से दो बार बोर्ड की मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार सप्लीमेंट्री एग्जाम नहीं होंगे। किसी सब्जेक्ट में फेल या श्रेणी सुधार करने वाले छात्र आवेदन देकर सेकेंड चांस के लिए अप्लाई कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरक परीक्षा की जगह हर साल दो बार मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इस बार सेकेंड चांस के लिए 10वीं की परीक्षा 24 जुलाई से और 12वीं की परीक्षा 23 जुलाई से शुरू होगी ।सीजी बोर्ड की परीक्षा दे चुके छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। फेल हुए छात्र, सप्लीमेंट्री के छात्र और पास हुए छात्र भी इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। माशिमं की ओर से कहा गया है कि वैसै परीक्षार्थी जो पूरक हैं, फेल हैं या फिर अपना रिजल्ट बेहतर करना चाहते हैं, वो परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। माशिम की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए सामान्य शुल्क के साथ 21 जून से 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। साथ ही विलंब शुल्क के साथ 1 और 2 जुलाई तक भी आवेदन जमा किये जा सकेंगे। जो इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, नियमित परीक्षार्थी अपने स्कूल से संपर्क कर आवेदन जमा कर सकेंगे।

# वित्त मंत्री चौधरी ने जिले को बेहतर बनाने अधिकारियों से किया आह्वान

**जांजगीर - चांपा।** वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले में विकास की असीम संभावनाओं को देखते हुए सभी विभाग मिलकर कार्य करें और जिले को अग्रणी जिला बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के डिस्ट्रिक्ट विजन प्लान एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया।

प्रभारी मंत्री चौधरी ने कहा कि जांजगीर-चांपा कृषि प्रधान जिला है। इसलिए किसानों को खाद-बीज एवं पानी को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने खरीफ फसल में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज भंडारण रखने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए और जिले में भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले के शत प्रतिशत किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करें और नागरिकों को जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंनें पीएचई के अधिकारियों से फील्ड में जाकर सतत मानिटरिंग करें। प्रभारी मंत्री चौधरी ने कहा कि वर्षा के दौरान पौध रोपण किया जाए। उन्होंने रेशम विभाग के



अधिकारी से कहा कि कोसा के क्षेत्र में जिला अग्रणी है इसलिए इस दिशा में कार्य करते हुए अर्जुन के पौधे लगाएं जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन मिलकर कार्य करें। इसके अलावा राजस्व विभाग के प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने, अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने, विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में डीएमएफ मद के माध्यम से लाईब्रेरी, पर्यटन, खेल को बढ़ावा देने वाले कार्यों का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जिले में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए कुदरी बसंतपुर एवं शिवरीनारायण बैराज में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एसपी विवेक शुक्ला, डीएफओ प्रियंका पांडेय, सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

**कोटमीसोनार और हनुमानधारा को करें विकसित**

उन्होंने पर्यटन के क्षेत्र में जांजगीर-चांपा के कोटमीसोनार को और अधिक विकसित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इसके साथ ही उन्होंने हनुमान धारा में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने और पौधरोपण करते हुए क्षेत्र को आक्सीजोन बनाने कहा।

**पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने कलेक्टोरेट परिसर के मुख्य द्वार के दोनों ओर किनारो पर नारियल का पौधा रोपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को अपने आस-पास पौधे लगाकर उनकी देखभाल करते हुए उन्हें विकसित करना चाहिए जिससे प्राकृतिक संतुलन व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।

**हितग्राहियों को किया सामग्री वितरण**

वित्त मंत्री चौधरी ने नवागढ़ विकासखंड के दिव्यांग दुर्गा थवाईत, खम्हारीलाल, बलौदा विकासखंड के सर्वेश कुमार देवांगन, सनद कुमार देवांगन को मोटराईज्ड ट्राइसाइकिल, विकासखंड बम्हनीडीह के जगदीश कुमार सूर्यवंशी, महेश राम रात्रे को श्रवण यंत्र, विकासखंड नवागढ़ के मनीराम पटेल को ट्रायसायकल, कमलकांत कौशिक को व्हीलचेयर का वितरण किया। इसी प्रकार शिक्षा विभाग के निश्शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण एवं सरस्वती योजना के तहत छविरानी खुंटे, प्रियंका मंहत, शोभिता खुंटे, नंदनी राज, अभिलाषा यादव को सायकल, पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया। साथ ही दुर्गा साहू, शालू साहू, निशा साहू, सुमित साहू एवं लव कुमार केंवट को जाति प्रमाण पत्र का वितरण भी किया।

## सहकारी समितियों के सम्मेलन में जीरो शार्टेज के फायदे पर चर्चा



**जांजगीर चांपा।** पीथमपुर में सहकारी कर्मचारी मिलन समारोह का आयोजन हुआ ।जिसमें जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अधिकारियों के साथ जिला सहकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं विभिन्न सहकारी संस्था के प्रबंधक व कर्मचारी मौजूद थे । यह आयोजन वर्तमान धान खरीदी सत्र में जिले में धान खरीदी जीरो शार्टेज आने पर रखा गया था।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी रेशम तिवारी ने कहा कि जीरो शार्टेज आने से सिर्फ शासन को ही लाभ नहीं होता अपितु संस्था को भी लाभ होता है और जिले के कर्मचारियों ने धान के साथ साथ बारदाना शार्टेज लाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया जो प्रदेश भर में सराहनीय है । मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सहायक नोडल अधिकारी घनश्याम तिवारी ने कहा कि यहां के सभी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं ।

उन्होंने धान के साथ साथ बारदाना शार्टेज लाने में प्रदेश में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है और आगे भी उम्मीद है कि यह जिला आप सभी के भरोसे धान व बारदाना शार्टेज में मिशाल कायम करेगा । इस अवसर पर पूर्व नोडल अधिकारी डा. श्रवण सिंह , नवागढ़ ब्रांच मैनेजर द्विवेदी,संघ के पदाधिकारी रवि राठौर , मनेंद्र शुक्ला , ब्रजेश तिवारी , जितेंद सिंह सहित देवकुमार पांडेय , कैलाश कश्यप , कर्मचारी गण सुखसागर कश्यप , लेखराम कश्यप , संदीप सिंह , मयाराम राठौर , लाला सिंह , चंडी सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे ।

## शुष्क दिवस पर ताड़ी शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर।** कबीर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन शराब बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। आबकारी के अनुसार टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पामगढ़ शराब दुकान के पास शराब बेच रहा है। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी आकाश कुमार लहरे पामगढ़ क्षेत्र में शराब दुकान के पास नहर के पार में अवैध रूप से ताड़ी बेच रहा था।



## टेल एरिया में पानी तभी पहुंच सकेगा जब यहां से हटायी जाएगी सिल्ट

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के प्रयास से कलेक्टर द्वारा विकास खंड के नहरों से सिल्ट हटाने के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। मनरेगा अंतर्गत विकासखंड के सोनादुला, सांकर, अकलतरी, मधुवा, पोंडी दलहा ,चंगोरी, खटोला, सराईपाली, बरपाली ,सूअरमाल, साजापाली, बुटराभांवर ,अर्जुनी ,परसदा, कापन, लटिया,कल्याणपुर बनाहिल सहित विकासखंड के 34 गांव के लोगों को नहर मरम्मत कार्य में रोजगार मिलेगा।

वहीं नहरों से सिल्ट हटने से खरीफ फसल के लिए किसानों को टेल एरिया में भी पानी मिल सकेगा। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई उनकी पहली प्राथमिकता है।अकलतरा विधानसभा में नहरों का जाल बिछा हुआ है लेकिन सालों से नहरे में सिल्ट जमा होने के कारण किसानों को टेल एरिया में पानी नहीं मिल पाता था।

इस विषय में लगातार चर्चा कर क्षेत्र के किसानों, सरपंचों, सिंचाई विभाग एवं जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर विकास खंड के नेहरों से सिल्ट हटाने एवं मरम्मत कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के बाद विकासखंड के अधिकांश गांव में नहरों से सिल्ट हटाने व मरम्मत कार्य प्रारंभ हो गया है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने परसाही नाला गांव में चल रहे कार्य का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की । क्षेत्र के किसानों ने नहरों के मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने के लिए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## 40 व्यापारियों ने लिया शिविर का लाभ

**चांपा।** चेंबर आफ कामर्स द्वारा नगर के रीत होटल में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहां रायपुर से जीएसटी स्पेशलिस्ट सीए जितेंद्र सिंह खनूजा, मुद्रा लोन के तकनीकी जानकार सीए मुकेश मोटवानी और चेंबर आफ कामर्स के जिला प्रभारी अनिल मानवानी के उपस्थित में यह कार्यशाला आयोजित की गई जहां 40 से अधिक व्यापारियों के समस्या का समाधान कार्यशाला में हुआ।

नगर सहित पूरे जिले के व्यापारियों का गंभीर समस्या थीं क जीएसटी के बारीकी में जाने और मुद्रा लोन लेने में भी उन्हें काफ़ी दिक्कत हो रही थी। इसे देखते हुए नगर के चेंबर ऑफ कामर्स इकाई चांपा के तत्वावधान में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनिल मानवानी व राजन गुप्ता ने बताया की जब से जीएसटी लागू हुई, तब से व्यापारियों को कुछ न कुछ दिक्कत आ रही है। रिटर्न भरने में और जीएसटी को समझने में भी परेशानी होती थी।

इसके अलावा भी मुद्रा लोन को लेने बैंक जाने वाले व्यापारी को बैंकर्स भारी नियम कानून का हवाला देकर वापस लौटा देते थे। उनकी परेशानी को देखते हुए जीएसटी के तकनीकी जानकार सीए रायपुर के जितेंद्र सिंह खनूजा और मुद्रा लोन के तकनीकी जानकार सीए मुकेश मोटवानी व नगर बैंक आफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक आईडीबीआई, यूनियन बैंक, एसबीआई द्वारा यहां कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जिले के 40 से अधिक लोगों ने आकर इसको समझा, जिसमें राइस मिल, क्रेशर, ज्वेलर्स, कपड़ा व्यवसाई, इलेक्ट्रिकल वाले दुकानदार ज्यादा पहुंचे। उनके साथ ही ईवे बिल पर भी चर्चा की गई। मनोज धामेचा, सुनिल साधवानी, प्रदीप नामदेव, मनोज वीरानी, सूर्यकांत साहू, राज अग्रवाल, नवीन थावानी, दिलीप, मीर चंदानी, जमुना राठौर, सत्येंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, जब्बल रघु सोनी बलारा देवांगन, सतीश केडिया, मो. अली विनय सोनी, महाराज सीता राम, गुहा रजत चौधरी, सतीश केडिया, वाशु देवांगन व अजय मोदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गोचा परंपरा निभाने के साथ महाप्रभू को कराया गया महास्नान, रथयात्रा अगले माह

**शिवरीनारायण।** भगवान जगन्नाथ मंदिर पुरी से लेकर देश के तमाम बड़े मंदिरों सहित दूधाधारी मठ रायपुर में भी जेष्ठ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को भगवान जगन्नाथ स्वामी को महास्नान कराया जाता है और स्नान के बाद भगवान बीमार पड़ जाते हैं। लेकिन जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण स्थित मठ मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी को जेष्ठ पूर्णिमा को महास्नान नहीं कराया जाता और वे इस दिन से बीमार नहीं पड़ते हैं। उनको आषाढ़ माह के पहले पक्ष के एकादशी के दिन महास्नान कराया जाता है जिसके बाद वे बीमार पड़ते हैं। शिवरीनारायण मठ मंदिर के पुजारी त्यागी महाराज ने बताया कि भगवान शिवरीनारायण मठ मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ को महास्नान आषाढ़ कृष्ण पक्ष की एकादशी के दिन कराने की परंपरा है। यह तिथि इस वर्ष 2 जुलाई को पड़ेगी। इस दिन मठ मंदिर में भगवान को महास्नान कराया जाएगा जिसके बाद भगवान को मुख्य मंदिर से ले जाकर अलग से मंदिर में रखा जाएगा। जहां उनका इलाज जड़ी बूटी से बने हुए काढ़े से किया जाएगा। 7 जुलाई को रथयात्रा के दिन भगवान स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन देने रथ में सवार होकर अपने मौसी के घर जाएंगे।

**500 वर्षों से मठ मंदिर में चली आ रही यह परंपरा**

भगवान शिवरीनारायण मठ मंदिर के सर्वराकार महंत रामसुन्दर दास ने बताया कि विगत 500 वर्षों से भगवान शिवरीनारायण मठ मंदिर में यह परंपरा चली आ रही है। पूर्व के महंतों के द्वारा आषाढ़ कृष्ण पक्ष की एकादशी को ही भगवान को महास्नान कराया जाता रहा है। इसलिए परंपरा का निर्वहन करते हुए शिवरीनारायण मठ मंदिर में आषाढ़ कृष्ण पक्ष की एकादशी को ही भगवान को महास्नान कराया जाता है। उन्होंने बताया इस दिन ज्यादा नहाने के कारण भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व



माता सुभद्रा बीमार हो जाते हैं। सदियों से चली आ रही परंपरा के कारण भगवान पांच दिन तक एकांतवास में रहेंगे।

**भगवान जगन्नाथ को लगता है काढ़ा का भोग**

मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास ने बताया कि आमतौर पर सभी दिन भगवान जगन्नाथ को दाल, रोटी, महाप्रसाद, सब्जी व दूध का भोग लगाया जाता है। लेकिन बीमार होने पर एकांतवास में भगवान को सोंठ, पीपर, अंजवाइन, दालचीनी, जावित्री, काली मिर्च, लौंग, इलायची गुड़ को उबालकर बनाया गया दशमूल काढ़ा, हल्दी युक्त दूध, फलों का जूस, औषधियुक्त लड्डू का भोग लगाया जाएगा। त्यागी महाराज ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की सारी सेवाएं स्कंद पुराण में बताए गए नियमों के अनुसार ही की जाती है।

## कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**शिवरीनारायण।** नगर के मेला ग्राउंड चौपाटी के पास स्थित सत्संग भवन में समाजसेवी



प्रकाश बंसल ने जेष्ठ पूर्णिमा पर श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। श्रीमद भागवत कथा शुभारंभ 22 जून शनिवार को कलशयात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा मारवाड़ी हनुमान मंदिर से निकलकर मध्यनगरी चौक, न्यू मार्केट, मेन रोड, नटराज चौक, मेला ग्राउंड होते हुए रोड होते हुए कथा स्थल सत्संग भवन पहुंची। कलशयात्रा में कथा वाचक पंडित राजकुमार शर्मा को सुसज्जित बघ्घी में बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया। प्रकाश बंसल ने बताया कथा दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक होगी। कथा आचार्य पंडित राजकुमार शर्मा सुनाएंगे। 22 जून को कलशयात्रा के बाद वेदी पूजन व कथा महात्म्य हुआ।

## स्कूल के बच्चों ने किया योगाभ्यास

**देवरी-चांपा।** बीडीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



सारागांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, प्राचार्य और शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। योग कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डीपी देवांगन द्वारा किया गया। योग दिवस में योग प्राणायाम तथा विभिन्न आसनों को विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिक्षक अरुण कुमार तिवारी, पंचराम साहू, प्रधान पाठक रूपनारायण राठौर, शिशुपाल यादव, और स्वामी आत्मानंद के शिक्षक उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा बताया गया की योग भगाए रोग हम नियमित योग करेंगे तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं होगी। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक पंचराम राम साहू द्वारा किया गया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छग)**

**ईश्तहार**

क्र./12223/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2024 जांजगीर दिनांक 22/06/2024

एतद् द्वारा आम जनता पिसौद को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शिवलता राठौर पति श्री राजेश राठौर निवासी जांजगीर जांजगीर तहसील जांजगीर के द्वारा ग्राम पिसौद प.ह.नं. 12 तहसील जांजगीर स्थित भूमि ख.नं. 1890/2, 1891/1, 1891/2 रकबा क्रमशः 0.48, 0.07, 0.08 कुल 0.63 एकड़ को औद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तन के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 06.07.2024 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
जांजगीर


## स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान

**शिवरीनारायण।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के सत्संग भवन में स्वच्छ मन स्वच्छ शहर कार्यक्रम व योग शिविर का आयोजन किया गया। तक्षशिला स्कूल के योग प्रशिक्षक ने उपस्थित सभी लोगों को योगाभ्यास कराया। इसके बाद 7 बजे से कोरबा में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण टीवी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया।

सीएमओ आशीष तिवारी ने समस्त स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम पूर्णता जीरो वेस्ट इवेंट पर आधारित था, जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग प्रतिबंधित था।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

कार्य विवरण:- नैला रेलवे स्टेशन पर 2 पहिया, 4 पहिया एवं पीसीसीवी वाहनों की पार्किंग के निविदा आवंटन हेतु ई-नीलामी

नैला रेलवे स्टेशन पर दो पहिया चार पहिया एवं पीसीसीवी के पार्किंग स्टैंड के ठेके के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS की वेबसाइड (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:-

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| BSP-PARK-NIA 24 | (पार्किंग मिश्रित) | 01-07-24 15:00:00 | PARKING-BSP-NIA-MX-37-24-1 | नैला रेलवे स्थेशन के परिचालित क्षेत्र में दो पहिया, चार पहिया एवं पीसीसीवी (ऑटो/टेम्पो/टैक्सी (कार)/मिनी बस) वाहनों के लिए पार्किंग स्थल। | 1095 दिन |

सहायक वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/एफएल/110

South East Central Railway @secrail


## बाराद्वार के नए टीआई खलखो ने पदभार संभाला

बाराद्वार। पिछले दिवस जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सक्ती जिले के विभिन्न पुलिस थानों में कसावट लाने के कई थाना प्रभारियों की ट्रांसफर लिस्ट जारी की, जिसमें बाराद्वार थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत का स्थानांतरण डभरा थाना कर दिया, जिसके बाद बाराद्वार शहर के लिए नए टीआई राजेश खलखो ने शनिवार को बाराद्वार पुलिस थाना पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बाराद्वार नगर सहित आसपास के थाना क्षेत्र के लोगों को थाना से हर संभव मदद करने की बातें कही व क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस का हमेशा सहयोग करने की लोगों से अपील की है। इसके अलावा नगरदा पुलिस थाना के टीआई अमित सिंह का स्थानांतरण सायबर सेल में हो जाने के कारण मालखरौदा थाना से आए टीआई राजेश चंद्रवंशी ने नगरदा पुलिस थाना में गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया है।

## युवक-युवतियों ने सीखा मार्शल आर्ट

**चांपा।** चांपा आल इण्डिया फूल कॉटेक्ट ऑल मार्शल आर्ट कराते फेडरेशन ने डेढ़ माह तक युवक व युवतियों को कराटे का प्रशिक्षण दिया। युवतियों को प्राथमिकता के साथ प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क रहा। इसमें 64 युवतियों व 16 युवकों को प्रति दिन दो घंटा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद ग्रेडिंग करते हुए प्रमाण पत्र व बेल्ट प्रदान किए गए। मार्शल आर्ट कराते का प्रशिक्षण का आयोजन भालेराय मैदान में किया गया। प्रशिक्षण 1 जून से शुरू होकर 15 अप्रैल तक चला। प्रति दिन सुबह 5 बजे ये 7 बजे तक मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मार्शल आर्ट कराते के सिंहान राजेन्द्र वर्मा, 5 डाउन ब्लेक बेल्ट विनोद तिवारी के मार्गदर्शन में महिला कराते प्रशिक्षक मंजू मानिकपुरी व अन्य ब्लेक बेल्ट प्रशिक्षकों ने दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर होगा सद्भावना दौड़ एवं क्रिकेट मैच

**जांजगीर।** जिला ओलम्पिक संघ जांजगीर चाम्पा के तत्वावधान में 23 जून को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर नेताजी चौक जांजगीर से केरा रोड स्थित मेजर ध्यान चंद हाकी चर्च मैदान तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा,साथ ही सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन हाईस्कूल मैदान में शाम 4 बजे प्रशासनिक एकादश एवम ओलंपिक संघ के मध्य खेला जाएगा। सद्भावना दौड़ को हरी झंडी दिखाने के लिए मुख्य रूप से जिले के ऊर्जावान कलेक्टर आकाश छिकारा ,पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ,अपर कलेक्टर एस.पी.वैद्य एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. गोकुल कुमार रावटे एवम जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जिसमे प्रथम दस स्थान अर्जित करने वाले महिला/पुरूष धावकों को सम्मानित किया जाएगा,साथ ही सभी खेलो संघों के वरिष्ठ एवं वर्तमान में उत्कृष्ट सेवा करने वाले कोच एवं खिलाड़ियों का भी सम्मान किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से युवा समाजसेवी अमर सुल्तानिया, ओलंपिक संघ के संयोजक गोपेश्वर कहरा,ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हितेश यादव,सचिव जितेंद्र तिवारी,संयुक्त सचिव वरुण पाण्डेय,कोषाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर सहित बास्केटबाल संघ के विवेक सिंह विक्की, बैडमिंटन संघ के बृजेश अग्रवाल, हैंडबाल संघ के अशोक साहू,नेटबॉल संघ के राजेश राठौर, एथलेटिक्स संघ के धर्मेंद्र यादव, बालीबाल संघ के भीम श्रीवास,फुटबॉल संघ के अमितेष राठौर,कराटे संघ के रूखमणी रानू,फेंसिंग संघ के खोलबहरा बरेठ,हैमरबॉल से अखिलेश आदित्य,क्रीड़ा भारती के राजीव सिंह,रमेश सोनवानी,सुनील साहू,गौरव कुमार, दिनेश चतुर्वेदी,राम कुमार सहित विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारि एवं कोच तैयारी में जुटे हुए हैं ।

## पनिका समाज ने कबीर स्तंभ से बेजा-कब्जा हटाने की मांग की

**अकलतरा।** मानिकपुरी पनिका समाज के पदाधिकारी ने कलेक्टर को बताया कि नगर के कॉलेज रोड में स्थित समाज के आस्था के केंद्र कबीर स्तंभ के पास एक व्यक्ति द्वारा बेजा कब्जा करने के साथ साथ अपने निजी स्वार्थ के लिए जगह का उपयोग किया जा रहा है।

## अनमोल वचन......

**विश्वास वो ताकत है, जो उजड़ी हुई जिंदगी में भी रोशनी भर देती है!**

# जीरो टेरर प्लान

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर महज छद्म लड़ाई रह गया है। केंद्रशासित प्रदेश में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक हुई जिसमें शाह ने आंतकी गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल कसने यानी जीरो टेरर प्लान लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को मिशन मोड पर काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिशिचत करने का भी निर्देश दिया। मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कोई कसर न छोड़ने की बात भी दोहराई।*

*आने वाले महीनों में प्रदेश में चुनाव भी होने हैं, और चौबंद सुरक्षा से चुनाव सहजता से कराने में मदद मिलेगी। शाह ने जून के अन्त में शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। हालांकि बीते हफ्ते ही आतंकियों ने राज्य के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए जिनमें नौ तीर्थयात्रियों मौत और एक जवान शहीद हो गया। घटना में सात सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हुए हैं।*

*हालांकि इस दरम्यान मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकी मारे गिराए जिनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिक के तौर पर हुई। उनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद हुए। सरकार के कड़े रुख और स्पष्ट निर्देशों के चलते सैन्य बलों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। खासकर मोदी सरकार के शांति बहाली के प्रयासों से स्थानीय रहवासी भी सुकून की सांस ले पा रहे हैं। सीमा पार से आतंक रोकने और घुसपैठियों का खात्मा करने की कोशिशों का ही नतीजा है कि कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है।सरकार द्वारा बहुस्तरीय सुरक्षा कवर लगाने का आह्वान तथा तीर्थस्थलों और सभी पर्यटन स्थलों के प्रति सुरक्षा बढ़ाने की कवायद में तेजी लाने का असर जल्द देखने को मिल सकता है। मानव खुफिया जानकारी जुटाने और घुसपैठ के ठिकानों को बंद करने के अलावा क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों का सफाया करने निर्णय केंद्र के सकारात्मक प्रयासों का नमूना है। प्रतीत हो रहा है कि तीसरी बार सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने पूरी तैयारी के साथ आतंकवाद से जूझने के लिए कमर कस ली है।*

## राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आप माता-पिता के साथ मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। आज आपके व्यवहार से कुछ लोग काफी प्रभावित हो सकते हैं। किसी शुभ काम में नए लोगों से मदद मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में आपसी विश्वास के सहारे रिश्ते में मजबूती आएगी। आपकी कोई खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज कामकाज में आपको सफलता मिलेगी। किसी काम को पूरा करने के लिए आज आपको कोई नया आइडिया मिलेगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है। शाम को पार्टी करेंगे। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। इस राशि के कपड़ा व्यापारियों को विशेष रूप से सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि**- आज का दिन आपके लिए खुशियोंसे भरा रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिल सकती है। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा बेहतर होगा। आपको माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का पेंडिंग काम आज पूरा हो जाएगा।

**कर्क राशि**-आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आप किसी काम के लिए नई योजना पर विचार कर सकते हैं। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। व्यर्थ के झगड़े में पड़ने से आपको बचना चाहिए। प्राइवेट नौकरी करने को कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है।

**सिंह राशि**- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यों की तरफ लगा रहेगा।लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। माता-पिता अपने बच्चों को मनोरंजन के लिए शाम को बाहर घूमाने ले जा सकते हैं। महिलाएं अपने किसी काम की प्लानिंग कर सकती हैं। किसी मामले पर बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम बरतना चाहिए।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते और भी मजबूत होंगे। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। आपको काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा योगदान मिलेगा।

**तुला राशि**- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज किसी घर के काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है,आप दोस्त की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आप किसी विषय पर शिक्षकों से चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक राशि**- आज आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है। पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त हो सकती है। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। **धनु राशि**- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सबके साथ बेहतर रिश्ते स्थापित होंगे साथ ही घरेलू कार्यों में भी आपकी रूचि बढ़ेगी। आज जिन विद्यार्थियों का कंप्यूटर साइंस का एग्जाम है, उनकी सफलता सुनिश्चित होगी। किसी नए प्रोजेक्ट में मित्रों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**मकर राशि**-आज का दिन खास पल लेकर आया है। आज बिजनेस में आपको फायदा होगा। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

**कुंभ राशि**- आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज कोई अधूरा काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है,जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। लवमेटस के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा।

**मीन राशि**- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा।

# संविधानिक ढांचे और लोकतंत्र को चुनौती

//डॉ. ब्रह्मदीप अलूने//

**वे माओवादी हिंसा को दरकिनार करके इसे गरीब आदिवासियों का विद्रोह कहती हैं। करीब डेढ़ दशक पहले उन्होंने रेड कॉरिडोर के केंद्र माने जाने वाले बस्तर की गुपचुप यात्रा की और दंडकारण्य में माओवादियों के साथ काफी वक्त बिताया। वे माओवादियों को भाई, साथी या कॉमरेड कह कर लाल सलाम कहने में फख्र महसूस किया करती थीं। उन्हें संविधान और लोकतंत्र आदिवासियों की खिलाफत का अस्त्र नजर आता है। 1997 में प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधती रॉय अपनी किताब 'वॉकिंग विद द कॉमरेड्स' में लिखती हैं-'भारतीय संविधान, जो भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है, संसद द्वारा 1950 में लागू किया गया। यह जनजातियों और वनवासियों के लिए दु:ख भरा दिन था। संविधान में उपनिवेशवादी नीति का अनुमोदन किया गया और राज्य को जनजातियों की आवास भूमि का संरक्षक बना दिया गया। मतदान के अधिकार के बदले में संविधान ने उनसे आजीविका और सम्मान के अधिकार छीन लिए।'**

अरुंधती अपनी इस किताब में माओवादियों को आंतरिक सुरक्षा का खतरा बताए जाने का मखौल उड़ाती हैं। भारत की यह ख्यात लेखिका मानवाधिकार के मुद्दों पर सरकार पर हमले करने से परहेज नहीं करतीं। अरुंधती कश्मीर में तैनात फौज को जनता की दुश्मन बताती हैं। उन्हें संसद पर हमले के प्रमुख आरोपी अफजल गुरु से हमदर्दी रही। अपने ब्लॉग में वह भारत की पूरी न्याय प्रक्रिया पर कटाक्ष करते हुए कहती हैं-'लेकिन अब जब अफजल गुरु को फांसी दे दी गई है, तो मुझे उम्मीद है कि हमारी सामूहिक अंतरात्मा संतुष्ट हो गई होगी। या फिर हमारे खून का प्याला अभी भी आधा ही भरा है।' 2010 में राजधानी दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने सार्वजानिक रूप से कहा-'कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था और उस पर भारत के सशस्त्र बलों ने जबरन कब्जा कर लिया था।'कश्मीर की पृथकतावादी ताकतों के लिए अरुंधती पसंदीदा चेहरा हैं, और उनके विचारों को वे भारत के बौद्धिक वर्ग की आवाज कह कर दुनिया भर में प्रचारित करते हैं। 2010 में दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया था। उन पर भारत विरोधी भाषण देने और कश्मीरी अलगाववाद का समर्थन करने का आरोप लगाया गया। अब अरुंधती रॉय के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत मुकदमा चलेगा। अरुंधती अच्छी लेखिका हैं, और उन्हें पसंद करने वाले देश-विदेश के कई लोग हैं, जिन्हें लगता है कि अरुंधती पर मुकदमा कायम करना,अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रोकने जैसा है। 2023 के फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में सलमान रुश्दी ने अरुंधति पर मुकदमा चलाने के कदमों की आलोचना करते हुए कहा था-'वह भारत की महान लेखिकाओं में से एक हैं, और बहुत ईमानदार और जुनूनी इंसान हैं। उन मूल्यों को व्यक्त करने के लिए उन्हें अदालत में लाने का विचार शर्मनाक है।'भारत की विविधता और जटिलता में बहुत सारे विरोधाभास हैं, और इसे स्वीकार भी किया जाना चाहिए। अरुंधती ने अपनी लेखनी और आंदोलनों में हिस्सा लेकर इन्हें समाज के सामने लाने में महती भूमिका निभाई है। आजादी और स्वतंत्रता की पक्षधर इस लेखिका को 45वें यूरोपीय निबंध पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। अरुंधती भारतीय लेखिका के रूप में देश-विदेश में आमंत्रित की जाती हैं, लेकिन वे अक्सर भारत की छवि को निरंकुशता के करीब ले आती हैं। अरुंधती गरीब आदिवासियों के लिए भारतीय संविधान को शोषण के अस्त्र के रूप में प्रस्तुत करते हुए दिखाई पड़ती हैं।संविधान का अवलोकन करें तो उनके दावों से उलट आदिवासियों की सुरक्षा, संरक्षण और विकास के लिए कई उपबंध शामिल किए गए हैं। अनुच्छेद 15(4) अनुसूचित जनजातियों की शैक्षिक उन्नति के लिए विशेष प्रावधान सुनिश्चित करता है। अनुच्छेद 46, राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और उन्हें सामाजिक अन्याय एवं सभी प्रकार के शोषण से संरक्षित करने का निर्देश देता है। अनुच्छेद 350 विशिष्ट भाषाओं, लिपियों या संस्कृतियों के संरक्षण के अधिकारों का प्रावधान करता है। लोकतांत्रिक देश में व्यापक प्रतिनिधित्व के लिए संविधान में संसद और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। संविधान की पांचवी अनुसूची के अंतर्गत संवैधानिक प्रावधान भूमि अधिग्रहण आदि के कारण जनजातीय आबादी के विस्थापन के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करते हैं।

भारत का रेड कॉरिडोर का क्षेत्र सशस्त्र विद्रोह के लिए जाना जाता है, और यह इलाका हिंसाग्रस्त रहा है। अरुंधती आदिवासियों के हितों के लिए मुखर रहें, यह उनका अधिकार है लेकिन संविधानिक तंत्र को शोषित वर्ग के खिलाफ प्रचारित करने की उनकी कोशिशें भारत की आंतरिक शांति को भंग करती दिखाई पड़ती है। भारत का संविधान अभिव्यक्ति की आजादी को देश के रचनात्मक विकास के लिए जरूरी तो बताता है लेकिन देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए भी सजग है। भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए में देश की एकता एवं अखंडता को हानि पहुंचाने के प्रयास को देशद्रोह के रूप में परिभाषित किया गया है। देशद्रोह के अंतर्गत शामिल हैं, सरकार विरोधी गतिविधि और उसका समर्थन, देश के संविधान को नीचा दिखाने का प्रयास और कोई ऐसा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, लिखित या मौखिक कृत्य जिससे सामाजिक स्तर पर देश की व्यवस्था के प्रति असंतोष उत्पन्न हो। अरुंधती ने अपने एक लेख में कहा था-'एक मछुआरे के लिए यह मान लेना कितना गलत है कि वह अपनी नदी को अच्छी तरह जानता है।' दरअसल, अरुंधती को भारत, उसके विरोधाभास, समस्याएं, संविधान और लोकतंत्र को ठीक तरीके जानने और समझने की जरूरत है। वे महात्मा गांधी की भूमिका और उनके कद की आलोचना भी कर चुकी हैं। उन्होंने गांधी के उस संदेश को समझने का प्रयास ही नहीं किया कि सामाजिक न्याय की समस्याओं के हल लोकतांत्रिक और अहिंसा के रास्ते भी तलाशे जा सकते हैं। अरुंधती रॉय और उन जैसे बुद्धिजीवी अभिव्यक्ति की आजादी का कवच धारण कर संविधानिक ढांचे और लोकतंत्र को अक्सर चुनौती देते हैं। यह उनका अधिकार हो सकता है, लेकिन देश उनसे बेहतर नागरिक होने की भी अपेक्षा करता है।

# लोकसभा का अगला स्पीकर कौन ?

//संजय दीक्षित//

**नई संसद का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है । 26 जून को लोकसभा के लिए स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद के लिए चुनाव होगा । परम्परा के अनुसार डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाता है । परन्तु पिछली लोकसभा में कोई भी अधिकृत विपक्ष का नेता नहीं था क्योंकि उसके पर्याप्त संख्या में लोकसभा में सदस्य नहीं थे । शुरू-शुरू में जनता दल (यूनाइटेड) ने रेलवे और वित्त मंत्रालय की मांग की थी, तेलगुदेशम ने स्पीकर का पद चाहा था । परन्तु भाजपा स्पीकर का पद अपने पास रखना चाहती है । असल में किस सदस्य को निष्कासित करना या किसी दल में टूटन की स्थिति में कौन असली पार्टी है, किसके पास चुनाव**

पिछले दिनों हुई बैठक में जिसमें एन.डी.ए. के सहयोगी दलों के सदस्य थे, उन्होंने सर्वसम्मति से स्पीकर पद पर भाजपा के चुनने का अधिकार दे दिया है । भाजपा ने उदारता दिखलाते हुए डिप्टी स्पीकर का पद अन्य सहयोगी दलों को देना तय हुआ है । ऐसी स्थिति में विपक्ष स्पीकर के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकती है, यद्यपि संख्या बल को देखते हुए उसका जीतना असंभव है । असल में स्पीकर का आसन बहुत जिम्मेदारी का होता है। सभी सदस्यों को उसके प्रति उदारता दिखलानी चाहिए । परन्तु इस चुनाव में दोनों पक्षों की ओर से जैसा प्रचार हुआ, उसे कड़वाहट और बढ़ गई और विपक्ष अपना उम्मीदवार जरूर उतारेगी । यद्यपि उसके जीतने के कोई चांस नहीं है, फिर भी इससे स्पीकर पद की गर्म में तो कमी आयेगी ही । असल में शायद भाजपा पुनः ओम बिरला को चुनना पसंद करे और डिप्टी स्पीकर के लिए तेलुगु देशम की किसी महिला को यह पद देना चाहेंगे । चन्द्रबाबू नायडू की पत्नी दग्गुबाती पुरंदेश्वरी का नाम स्पीकर पद के लिए लिया जा रहा था, पर वे इतनी सीनियर हैं कि डिप्टी स्पीकर का पद शायद ही स्वीकार करें ।जब कोई दल टूटता है तो स्पीकर का निर्णय अहम हो जाता है । महाराष्ट्र में शिवसेना की टूटने पर स्पीकर ने अपना फैसला डाले रखा, और चाहा कर भी सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सका कि यह आरोप न लगे कि स्पीकर के अधिकार का सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण किया है ।यूं कहने के लिए यह एन.डी.ए. की सरकार है परन्तु असल में यह भाजपा की ही सरकार है । मंत्री पद के बंटवारे से यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो गई है । असल में जे.डी.यू. के 12 और तेलुगु देशम के 16 सदस्यों के अलावा शेष दल के मात्र एक-एक सांसद हैं और सभी को मंत्री पद मिल गये हैं । वे किस बलबूते पर बगावत कर सकते हैं । भाजपा 240 सीटें जीतकर बहुमत के आंकड़े से 32 काम हैं । परन्तु अनेक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने भाजपा का समर्थन किया है ।

ऐसे में अन्य दलों में नरेंद्र मोदी की पर्सनेलिटी के बराबर कोई टिक ही नहीं सकता । इस कारण इस तीसरे कार्यकाल में भी मोदी जी उसी तत्परता से अपना लक्ष्य पूरा कर सकेंगे, जैसे वे पिछले कार्यकालों में कर चुके हैं । असल में 400 पर का नारा और भाजपा को 370 के नारे ने लोगों में उदासीनता भर दी थी । फिर इस भयंकर गर्मी में बहुत से भाजपा के समर्थक वोट डालने गये ही नहीं । इसी कारण इस बार वाराणसी से नरेंद्र मोदी जी को उतने मतों से बढ़त नहीं मिली जितने पहले और दूसरे कर्यकाल के दौरान मिली थी । मोदी जी का करिश्मा ही कुछ ऐसा है, कि लोग अपने को मोदी का परिवार मानते हैं । फिर उनकी कर्मठता और निष्ठा के सामने कोई भी विपक्ष का नेता टिक नहीं पाता । विपक्ष वैसे भी खंडित है, तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अकेले चुनाव लड़ा । मायावती ने विपक्ष को ज्वाइन ही नहीं किया यद्यपि इस बार लोकसभा में उनका कोई उम्मीदवार नहीं है। असल में जिस तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में देश में विकास हो रहा है, उसको देखते हुये तो सभी को एक होकर भारत के विश्व गुरु बनने में मदद करनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से बढ़कर देश का विकास पहले है ।

# विज्ञापन कंबल की दर्शनीय टांगें

//सोनम लववंशी//

बरसों पहले अखबार में छपे एक विज्ञापन को देख कर जुमला कहा गया था 'विज्ञापन कंबल की दर्शनीय टांगें, दुकानदार से जाकर हम क्या मांगें!' आज भी यह बात हर विज्ञापन पर सटीक बैठती है। बाजारवाद के इस दौर में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिसका विज्ञापन न किया जाता हो। विज्ञापन बनाने वाली कंपनियां इतनी चालाकी से अपने प्रोडक्ट की नुमाइश करती हैं कि न चाहते हुए भी वो प्रोडक्ट हमारे लिए जरूरी से लगने लगते हैं। यहां तक कि झूठे और भ्रामक विज्ञापनों से भी कोई गुरेज नहीं करतीं, लेकिन बीते दिनों पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया।

इसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय हरकत में आया और विज्ञापन कंपनियों को स्वप्रमाणन-पत्र जारी करने के निर्देश दिए। ऐसे में अगर कंपनियों के प्रोडक्ट में किए गए दावे गलत निकलते हैं, तो न केवल हर्जाना चुकाना होगा, बल्कि कार्रवाई के लिए भी तैयार रहने की बात कही गई है। मंत्रालय द्वारा ऐसे पोर्टल भी तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें विज्ञापनदाता स्वप्रमाणन-पत्र अपलोड करेंगे। भ्रामक विज्ञापनों में शामिल चर्चित हस्तियों को भी झूठ में शामिल माना जाएगा। अदालत के सख्त रुख के बाद देर से ही सही पर संबंधित मंत्रालय और व्यवस्थाएं जाग रही हैं वरना तो भ्रामक विज्ञापनों की ऐसी होड़ सी मची हुई है कि स्वयं कामदेव भी दंडवत हो जाए। गोरापन बढ़ाने वाली क्रीम तो बीते 54 सालों से भ्रामक विज्ञापनों के सहारे ही बिकती आई हैं। इन क्रीमों से गोरापन भले न मिला हो पर कंपनी को 2400 करोड़ रु पये सालाना का रेवेन्यू जरूर मिल रहा है। ऐसा ही हाल पेय पदार्थों को लेकर है जिनका मार्किट 7500 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है जबकि सॉफ्ट ड्रिंक का मार्किट 5700 करोड़ होने का अनुमान है। विडंबना देखिए कि जिन पेय पदाथरे को स्वास्थ्यवर्धक बता कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, वही बीमारियों की वजह बन रहे हैं। जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली कंपनियों को तो सिर्फ अपना मुनाफा कमाना है जबकि आम जनता लुभावने विज्ञापनों के जाल में उलझी है।वैसे भी कहावत है कि अगर एक झूठ को 100 बार बोला जाए तो जनता उसे सच मान ही लेती है। यही वजह है कि सड़क से लेकर दीवार तक ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विज्ञापन न चस्पा हो। सुई से लेकर हवाई जहाज तक हर चीज का विज्ञापन दिखाया जाता है। समाचार चैनलों पर तो खबर से ज्यादा विज्ञापन प्रसारित हो रहे हैं। इन विज्ञापनों में इस हद तक अश्लीलता परोसी जाने लगी है कि परिवार के साथ बैठकर टेलीविजन देखना भी दूभर सा हो गया है। न्यूज चैनलों के बीच कॉन्डम का विज्ञापन देखकर लगता है जैसे कोई पोर्न चैनल देख रहे हों। परफ्यूम के विज्ञापन तो ऐसे होते हैं मानो रेप कल्चर को बढ़ावा दे रहे हों। कुल मिला कर देखा जाए तो महिलाओं को विज्ञापन के केंद्र में रखकर नारी देह को अश्लील तरीके से परोसा जा रहा है। विज्ञापनों में महिलाओं को कामुक दिखाने का चलन इस कदर बढ़ गया है जैसे नारी सिर्फ उपभोग की वस्तु हो !कहने को तो हमारे देश में अश्लील प्रदर्शन के विरुद्ध कानूनी प्रावधान हैं, फिर भी उनकी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं। कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों पर तो चाबुक चला दी पर विज्ञापनों के माध्यम से परोसी जा रही अश्लीलता को भी संज्ञान में लिया जाना चाहिए। सच है कि वर्तमान दौर में विज्ञापन हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं, बदलते परिवेश में विज्ञापनों का रंग-रूप भी बदल गया है। एक दूसरे से बेहतर दिखने-दिखाने की चाह में विज्ञापनों में अश्लीलता का ऐसा दौर शुरू हो गया जिसकी कल्पना नहीं की गई थी।किसी के पास इन सवालों के कोई जवाब नहीं हैं कि ये विज्ञापन 'नारी देह' पर ही क्यों केंद्रित होते हैं। आखिर, एक स्त्री किसी पुरुष के अंडरवियर या परफ्यूम पर ही सम्मोहित कैसे हो सकती है। ऐसी क्या वजह है जो उत्पाद की बिक्री बढ़ाने के लिए महिलाओं के अंग प्रदर्शन और झूठ का सहारा लिया जाता है। विज्ञापन कंपनियां महिलाओं को उपभोग की वस्तु दिखाने से क्यों गुरेज नहीं करतीं। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या जिस स्त्री स्वरूप की हमारी संस्कृति में देवी से तुलना की गई है, वो अब इसी की हकदार बची है।

प्रेम और सेक्स कभी भी एक समान नहीं हो सकते और प्रेम और सेक्स को कभी समानांतर आंका भी नहीं जा सकता। लेकिन, विज्ञापनों ने उल्टी गंगा बहाना शुरू कर दिया। उनका एक ही मकसद है, स्त्रियों के कामोत्तेजक हाव-भाव और सम्मोहक अंदाज के जरिए पुरुष दर्शकों को आकर्षित करना। लेकिन, हम पैसे बनाने और किसी ब्रांड को चमकाने के लिए स्त्री की क्या छवि गढ़ रहे हैं। सवाल उस नायिका का भी है, जो ऐसे विज्ञापनों में काम भी सिर्फ पैसे की खातिर कर लेती है।

## तस्वीरों की दुनिया



झारखंड के रांची में भीषण जल संकट के बीच रांची नगर निगम (आरएमसी) का एक कर्मचारी खाली बाल्टी में पीने का पानी भरता हुआ।



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने।



कोलकाता के डलहौजी इलाके में एक इमारत में आग लगने के बाद दमकलकर्मी आग बुझाने की कोशिश करते हुए।



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने नई दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए सुझाव लेने के लिए नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानसभा सहित) के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक की अध्यक्षता की।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में प्रार्थना सभा के दौरान अजय माकन की मां संतोष माकन के लिए प्रार्थना की।



कांग्रेस नेता राज बब्बर और सलमान खुर्शीद ने नई दिल्ली में अजय माकन की मां संतोष माकन की प्रार्थना सभा के दौरान उन्हें अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# महज लीपापोती है पेपर लीक के खिलाफ नया कानून परीक्षा विवाद पर मल्लिकार्जुन खरगे ने उठाए कई सवाल



**नईदिल्ली, 23 जून [एजेंसी]।**

पेपर लीक रोकने वाले कानून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को लीपापोती करार दिया। कहा कि भाजपा अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। केंद्र सरकार ने शुक्रवार रात सख्त कानून लागू कर दिया, जिसका मकसद प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार रोकना है। इस कानून में दोषियों के लिए अधिकतम 10 वर्ष कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रविधान है।खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर दावा किया कि पिछले सात वर्षों में 70 प्रश्नपत्र लीक हुए। पूछा कि मोदी सरकार ने कोई कड़ा कदम क्यों नहीं उठाया। कहा, भाजपा नीट घोटाले में चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, वह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। खरगे ने कहा, पेपर लीक के विरूद्ध कानून अधिसूचित नहीं हुआ था, लेकिन जब शिक्षा मंत्री की प्रेस वार्ता में उनसे इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि कानून अधिसूचित हो गया। शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि कानून अधिसूचित हो गया? 13 फरवरी 2024 को इस कानून को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिल गई थी, पर कानून शुक्रवार रात अधिसूचित हुआ।उन्होंने कहा, शिक्षा मंत्री पहले तो पेपर लीक को नकारते रहे, फिर जब गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुईं, तब कह रहें हैं कि चूंकि कुछ जगहों पर स्थानीय तौर पर पेपर लीक हुए हैं, इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे। उन्होंने कहा, मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही, जबकि शिक्षा मंत्री ने गड़बड़ी की बात मान ली है।

नौ दिनों में एनटीए ने तीन बड़ी परीक्षाएं रद या स्थगित की हैं। पेपर लीक के विरूद्ध कानून पास करवाने के बाद भी पेपर लीक हो रहें हैं। नया कानून लाना केवल भाजपाई लीपापोती ही है। जब तक शिक्षा प्रणाली व स्वायत्त संस्थानों को दखलंदाजी से मुक्त नहीं किया जाएगा तब तक धांधली, चोरी, भ्रष्टाचार चलता रहेगा!

## यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने की संदिग्ध से पूछताछ, टेलीग्राम पर प्रश्नपत्र पोस्ट करने का आरोप




**नई दिल्ली 23 जून।** सीबीआई ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को कुशीनगर जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया, जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। यूजीसी-नेट के माध्यम से जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कालेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता निर्धारित की जाती है। इस साल देशभर में यूजीसी-नेट का आयोजन 18 जून को दो पालियों में किया गया था। शिक्षा मंत्रालय ने इसके अगले दिन एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा को रद्द करने का आदेश दिया था। इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने यूजीसी को जानकारी दी थी कि परीक्षा का प्रश्नपत्र डार्कनेट पर उपलब्ध है और इसे पांच-छह लाख रुपये में छात्रों को मैसेजिंग प्लेटफार्म के जरिये बेचा गया है।

## NEET-NET परीक्षा विवाद में बड़ी कार्रवाई, NTA के महानिदेशक सुबोध कुमार पद से हटाए गए



**नई दिल्ली 23 जून।** परीक्षा मामले में केंद्र सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं के आयोजन में अनियमितताओं के आरोपों के मद्देनजर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के प्रमुख सुबोध कुमार सिंह को शनिवार रात उनके पद से हटा दिया है। सुबोध कुमार सिंह को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में अनिवार्य प्रतीक्षा पर रखा गया है। फिलहाल उनके स्थान पर 1985 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी प्रदीप सिंह करोला को अगले आदेश तक उनके स्थान पर नियुक्त किया गया है। पिछले दो महीनों से एनटीए देश की दो सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक को लेकर विवादों में घिरा हुआ है। सुबोध कुमार उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की से इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन और मास्टर की डिग्री हासिल की है। सुबोध ने 2009 से 2018 तक छत्तीसगढ़ सचिवालय में तीन बार के भाजपा मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल में नौ साल तक काम किया है। इस बीच बड़ी खबर ये भी है कि नीट पेपर लीक मामले में अब तक हुई जांच की एक विस्तृत रिपोर्ट बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को सौंप दी है।

# हर तरह की जांच के लिए तैयार, शेयर बाजार में हेराफेरी के आरोपों पर बोले एक्सिस माय इंडिया के प्रमुख



**नईदिल्ली, 23 जून [एजेंसी]।**

शेयर बाजार में कथित हेरफेर के लिए एक्जिट पोल का इस्तेमाल किए जाने को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे एक्सिस माय इंडिया के प्रमुख प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि वह हर तरह की जांच के लिए तैयार हैं। अगर सरकार एक्जिट पोल करने वालों के लिए नियम बनाती है तो एक्जिट पोल को लेकर भरोसा बढ़ेगा।प्रदीप गुप्ता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए 361-401 सीटों की भविष्यवाणी की थी। विपक्षी राजनीतिक दलों और कई संगठनों ने पूंजी बाजार नियामक सेबी और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के जरिये इस बात की जांच की मांग की है कि क्या एक्जिट पोल के जरिये शेयर बाजारों को प्रभावित करने की कोशिश की गई। एक्जिट पोल में भाजपा को भारी बहुमत मिलने पर शेयर बाजारों में भारी तेजी देखी गई थी, लेकिन वास्तविक परिणामों में भाजपा को अपने दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने पर बाजार में भारी गिरावट आई थी। समाचार एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में प्रदीप गुप्ता ने कहा, हमारा शेयर बाजार से कोई लेना-देना नहीं है। कोई भी जांच एक तरह से यह हमारे लिए अवसर होगा।उन्होंने कहा कि इससे हमें साख दिखाने का मौका मिलेगा।

मैं हर तरह की जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, जहां तक शेयर बाजार में उछाल से मुझे कोई लाभ मिलने की बात है, एक्सिस माय इंडिया का कोई डीमैट खाता नहीं है। यह लिमिटेड कंपनी बाजार में सूचीबद्ध नहीं है। अप्रैल से शेयरों में मेरा व्यक्तिगत निवेश मात्र 35,000 रुपये रहा है। एक्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाने की मांग को बचकाना करार देते हुए प्रदीप गुप्ता ने कहा कि हर नागरिक और संगठन चुनाव परिणाम जानना चाहता है। इस पर प्रतिबंध लगाने से कोई फायदा नहीं होगा।

# सीबीआई करेगी नीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच, शिक्षा मंत्रालय का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली 23 जून ।** इन दिनों देश में नीट पेपर लीक को लेकर काफी विवाद चल रहा है। विपक्ष सरकार पर पूरी तरह हावी है। इस बीच शिक्षा मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए नीट यूजी परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए सीबीआई को सौंपा है।

इससे पहले यूजीसी नेट परीक्षा की जांच भी सीबीआई को सौंपी गई थी। केंद्र ने शनिवार रात घोषणा की कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा एनईईटी में कथित अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर सरकार ने कई फैसले लिए हैं। जैसे एंटी पेपर लीक कानून का लागू करना और आज एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया गया। परीक्षा सुधारों के लिए पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय पैनल का गठन करना शामिल है। मई में आयोजित हुई नीट यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं, धोखाधड़ी, प्रतिरूपण और कदाचार के कुछ मामले सामने आए हैं।शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए, समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया कि मामला व्यापक जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया जाए।

# ओडिशा के इन जिलों में मानसून ने मारी एंट्री, मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर जारी किया अलर्ट

**भुवनेश्वर, 23 जून [एजेंसी]।**

ओडिशा के 24 जिलों में मानसून ने दस्तक दे दी है। दक्षिण-पश्चिम मानसूनी वायु यहां पहुंच गई है। इसके प्रभाव से इन जिलों में वर्षा हो रही है। अन्य 6 जिलों में मानसून अभी भी नहीं पहुंचा है। भुवनेश्वर क्षेत्रीय मौसम विभाग केंद्र की तरफ से यह जानकारी दी गई है। मौसम विभाग केंद्र के मुताबिक, मलकानगिरी, कोरापुट, रायगड़ा, गजपति, गंजाम, पुरी, नयागढ़, नवरंगपुर, नुआपड़ा, कालाहांडी, कंधमाल, बलांगीर, बौद्ध, सोनपुर, बरगढ़, अनुगुल, ढेंकानाल, खुर्दा, कटक, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, जाजपुर, देवगढ़ जिले में मानसून पहुंच गया है।

इसी तरह से जिन 6 जिलों में मानसून नहीं पहुंचा है, उसमें झारसुगुड़ा, संबलपुर, केंदुझर, बालेश्वर, सुंदरगढ़ एवं मयूरभंज जिला शामिल है। इन 6 जिलों के लिए भी मानसूनी हवा पहुंचने के लिए वातावरण पूरी तरह से अनुकूल होने की जानकारी मौसम विभाग की तरफ से दी गई है।मौसम विभाग केंद्र के अनुसार, अगले दो दिन तक राज्य में वर्षा होने की संभावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात के साथ भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं शनिवार सुबह से मयूरभंज एवं केंदुझर में वर्षा हुई। 14 जिलों में वज्रपात के साथ वर्षा होने को लेकर पीली चेतावनी जारी की गई है।

उधर, राजधानी भुवनेश्वर में सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। ठंड हवा के साथ बूंदा-बांदी होती रही।ऐसे में राजधानी के लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आसमान बादल से ढके रहने एवं रिमझिम वर्षा होने से लोगों को पिछले कुछ दिनों से पड़ रही गर्मी से राहत मिली है। राजधानी भुवनेश्वर ही नहीं बल्कि पुरी एवं कटक में भी समान स्थिति देखने को मिली है।

# चार दशक बाद भी कनाडा कर रहा एयर इंडिया विमान हादसे की जांच, अंजाम बेनतीजा



**ओटावा, 23 जून [एजेंसी]।**

जून 1995 में हुई एयर इंडिया की कनिष्क विमान दुर्घटना मामले की जांच अभी जारी है। दुर्घटना के 39 वर्ष पूरे होने पर यह जानकारी कनाडा की पुलिस ने दी है। दुर्घटना में विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इस दुर्घटना पर गुरुवार को कनाडा की संसद में भी चर्चा हुई थी। मांट्रियल से लंदन होते हुए नई दिल्ली आ रहे इस विमान में लंदन में उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हुआ था। मारे गए लोगों में ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। शुरुआती जांच में पता चल गया था कि बम विस्फोट से विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।विमान में बम रखने के लिए सिख चरमपंथियों को जिम्मेदार माना गया जो 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में हुए आपरेशन ब्ल्यू स्टार से नाराज थे। शुक्रवार को रायल कनाडियन माउंटेड पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर डेविड टेबोल ने कहा, विमान में विस्फोट की यह घटना कनाडा को प्रभावित करने वाली सबसे बड़ी आतंकी वारदात थी।इस घटना में कनाडा के सबसे ज्यादा लोग मारे गए थे। हमें मृतकों के परिवारों से सहानुभूति है। हम इस आतंकवाद की घटना को भूल नहीं सकते हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच अभी भी जारी है। 2025 में इस घटना की 40 वीं वर्षगांठ जांच के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, विश्वास है कि तब हम निष्कर्ष पर पहुंच चुके होंगे।

# अपने गढ़ में क्यों हारे अधीर रंजन चौधरी? कांग्रेस की आंतरिक रिपोर्ट में सामने आया ये बड़ा कारण

**कोलकाता, 23 जून [एजेंसी]।**

कांग्रेस की बंगाल इकाई की आंतरिक समीक्षा रिपोर्ट में पार्टी का जनाधार कम होने का तथ्य सामने आया है। इसी वजह से बहरामपुर में बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी चुनाव हार गए। पार्टी ने अपनी आतंरिक रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है। सियासी विश्लेषकों का कहना है कि बहरामपुर में मुस्लिमों की एक बड़ी आबादी है, जो लंबे समय से अधीर के पक्ष में मतदान करती आई है। इस बार उन्होंने अधीर का साथ नहीं दिया। यूसुफ पठान जैसा मजबूत



मुस्लिम प्रत्याशी देखकर उन्होंने पाला बदल लिया। वहीं स्थानीय कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बहरामपुर में इस बार वोटों का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण अधीर की हार का कारण बना। हार के बाद अधीर ने भी कहा था कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा की हिंदू-मुस्लिम की राजनीति के कारण उनकी हार हुई है।

अधीर बहरमपुर से पांच बार सांसद रहे हैं। इस बार उन्हें तृणमूल प्रत्याशी पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान से हार का सामना करना पड़ा। बहरामपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में से अधीर को सिर्फ एक में ही बढ़त मिल पाई। बाकी छह पर उनके वोटों में भारी गिरावट देखी गई है। कुछ में तो अधीर तीसरे स्थान पर खिसक आए।

# अस्पताल पहुंचा सकता है स्वाद का शौक, रेस्टोरेंट में डोसा खाने पहुंचा परिवार, सांभर में निकला मरा हुआ चूहा



**अहमदाबाद, 23 जून ।**

अहमदाबाद के एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए पति-पत्नी के होश तब उड़ गए, जब सांभर पर उनकी नजर पड़ी। सांभर में मरे हुए चूहे के बच्चे निकले। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार घटना अहमदाबाद के निकोल स्थित देवी डोसा पैलेस की है। यहां अविनाश नाम का एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ डोसा खाने पहुंचा था। डोसा मिलने के बाद उन्हें सांभर और चटनी परोसी गई, जिसमें मरे हुए चूहे दिखाई दिए। शख्स ने आनन-फानन में रेस्टोरेंट स्टाफ से शिकायत की।इसके बाद उसने नगर निगम को भी घटना की सूचना दी। शिकायत मिलने पर अहमदाबाद नगर निगम ने रेस्टोरेंट को सील कर दिया है। सील की नोटिस में निगम ने लिखा कि इस जगह पर किचन खुला होने की वजह से खाने में जीव-जंतु गिरने की संभावना रहती है।

साथ ही निगम ने नोटिस में लिखा कि उक्त कारण से रेस्टोरेंट को सील किया जाता है और अगली सूचना तक यहां कोई काम नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि पिछले कई समय से ऐसी घटनाएं काफी तेजी से बढ़ी हैं, जहां लोगों को होटलों के खानों में जीव-जंतु पड़े मिले हैं। रेस्टोरेंट की लापरवाही से ग्राहकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ऐसे में लोगों को भी बाहर खाना खाते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

# प्रेमिका की चाकू घोंपकर की हत्या, कार में लेकर जा रहा था लाश, गड्ढे में फंसी गाड़ी और फिर....

**उमरिया, 23 जून [एजेंसी]।**



मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में प्रेमिका की हत्या करने के मामले में अब प्रेमी की भी मौत हो गई है। आरोपी प्रेमी ने शुक्रवार को प्रेमिका की चाकू घोंपकर हत्या करने के बाद एसिड का सेवन कर लिया था। इससे पहले शुक्रवार को घुनघुटी चौकी अंतर्गत ग्राम खाम्हा के समीप एक कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में फंस गई थी। इसके बाद ग्रामीण मदद के लिए इकट्ठा हुए तो उन्हें कार के अंदर सफेद चादर में लिपटी खून से लथपथ युवती की लाश दिखी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। आरोपी कार चालक इससे डर गया और घटना स्थल पर ही एसिड का सेवन कर लिया।

उसे आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज शहडोल में भर्ती कराया गया। शनिवार को उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों मृतक प्रेमी-प्रेमिका थे। दोनों के बीच शहडोल में कॉलेज की पढ़ाई के दौरान प्रेम-प्रसंग शुरू हुआ था। युवती का नाम ममता पनिका बताया गया है, वह पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के ग्राम अहिरगंवा की रहने वाली थी। वहीं युवक की पहचान सूरज पनिका के रूप में की गई है। ममता वर्तमान में अमरकंटक के कल्याणिका स्कूल में बीएड की पढ़ाई कर रही थी।

घटना से एक-दो दिन पहले सूरज उससे मिलने अमरकंटक आया था। दोनों एक होटल में रुके थे।इसके बाद ममता सूरज के साथ उसके घर, चेचरिया, मानपुर जाने के लिए निकली। दोनों एक कार से रवाना हुए। रास्ते में दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और आरोपी सूरज ने चाकू घोंपकर युवती की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही एडीजीपी डी सी सागर समेत पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा था और मामले की जांच शुरू कर दी थी।

# ब्याज मुक्त कर्ज योजना का लें लाभ, निर्मला सीतारमण ने राज्यों को दी सलाह




**नईदिल्ली, 23 जून [एजेंसी]।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट-पूर्व चर्चा के तहत शनिवार को राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बैठक की। इसमें वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया है। उन्होंने राज्यों से उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसमें केंद्र राज्यों को तय सुधारों के लिए 50 वर्ष का ब्याज मुक्त कर्ज देता है।एक बयान के अनुसार वित्त मंत्री ने वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग अनुदान और जीएसटी मुआवजे के बकाया के जरिये राज्यों को केंद्र सरकार के समर्थन की बात कही। उन्होंने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना का उल्लेख भी किया। ज्यादातर राज्यों ने केंद्र की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की सराहना की और आगे सुधार के लिए कुछ सुझाव दिए।इस दौरान राज्यों के वित्त मंत्रियों ने आगामी आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए।

बैठक के बाद राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी), जल जीवन मिशन (जेजेएम), कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की।बैठक में कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने आवासीय योजनाओं के तहत केंद्रीय हिस्सेदारी को शहरी क्षेत्रों में 1.5 लाख से बढ़ाकर पांच लाख और ग्रामीण क्षेत्रों में 1.2 लाख से बढ़ाकर तीन लाख करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने ऊपरी भद्रा जल परियोजना के लिए पहले से घोषित सहायता में से 5,300 करोड़ रुपये जारी करने और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की।उन्होंने उपकर और अधिभार को विभाज्य पूल में शामिल करने की भी मांग की ताकि राज्यों को केंद्रीय करों में उनका उचित हिस्सा मिल सके।

## राजकोट गेमिंग जोन अग्निकांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चीफ फायर ऑफिसर सहित तीन गिरफ्तार, कुल 15 आरोपी सलाखों के पीछे



**अहमदाबाद।** गुजरात के राजकोट गेमिंग जोन अग्निकांड मामले में पुलिस ने शनिवार को राजकोट महानगर पालिका के चीफ फायर ऑफिसर (सीएफओ) सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने कहा कि सीएफओ इलेश खेर और डिप्टी सीएफओ भीखा थेबा के साथ ही महेश राठौड़ टीआरपी गेमिंग जोन में चल रहे निर्माण कार्य के पर्यवेक्षक थे। थेबा भ्रष्टाचार के एक मामले में पहले से ही जेल में है। उसकी हिरासत ट्रांसफर वारंट के जरिये ली गई थी। इसके साथ ही अग्निकांड मामले में अब तक कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें गेमिंग जोन के कई संचालक भी शामिल हैं। घटना के बाद सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने एक दिन पहले ही सौ पन्ने की रिपोर्ट में गेमिंग जोन के संचालकों के साथ ही महानगर पालिका और राजस्व विभाग के अधिकारियों को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था।गौरतलब है कि विगत 25 मई को हुए इस भीषण अग्निकांड में 11 बच्चों सहित कुल 27 लोगों की मौत हो गई थी।

# क्या सीबीआई और ईडी करेगी अब नीट-यूजी में गड़बड़ी की जांच, बढ़ते विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दायर



**नईदिल्ली, 23 जून [एजेंसी]।**

मेडिकल कोर्सों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर कर पांच मई को आयोजित नीट-यूजी में गड़बड़ी की जांच के लिए सीबीआई और ईडी को निर्देश देने का अनुरोध किया गया।नीट परीक्षा में बैठे 10 प्रतिभागियों की ओर से यह याचिका दायर की गई है। याचिका में बिहार पुलिस को मामले की जांच में तेजी लाने और शीर्ष कोर्ट के समक्ष इस संबंध में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि याचिकाकर्ता परीक्षा रद होने के परिणामों से पूरी तरह वाकिफ हैं, लेकिन उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। याचिका में कहा गया है कि 2024 की नीट यूजी परीक्षा में कई तरह की गड़बड़ी हुईं। खास तौर पर उम्मीदवारों को समय पर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने में अधिकारियों की ओर से घोर लापरवाही बरती गई। कुछ जगहों पर प्रश्नपत्रों का गलत सेट वितरित किया गया और बाद में वापस लिया गया।

# बच्चों के मनोरंजन के लिए सिर्फ इंदिरा पार्क, उसके भी झूले टूटे हुए

**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय में बच्चों के मनोरंजन के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं हो पाई है। बच्चों के लिए शहर में सिर्फ एक इंदिरा पार्क है। उसकी भी हालत खराब है। बच्चों के लिए पर्याप्त झूले भी नहीं हैं, जो हैं वे भी टूट चुके हैं। यहां दो फिसलपट्?टी, तीन झूले और छोटे बच्चों के लिए एक राउंड झूला लगा था। अब इनमें सिर्फ तीन झूले ही सही सलामत है।

घुड़ सवारी व राउंड झूला टूट चुका है। एक साल पहले भी पार्क की स्थिति यही थी। पालिका के अधिकारियों ने कहा था कि प्रस्ताव भेजा गया है। जैसे ही राशि स्वीकृत होती है, नए झूले लगाए जाएंगे पर एक साल बीतने के बावजूद पार्क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाया है। शहरवासी बच्चों को घुमाने के लिए पार्क तो ले जाते हैं, लेकिन यहां किसी भी तरह की सुविधा ना देख मायूस होकर लौटते हैं। बता दें कि इंदिरा पार्क के झूले और जानवरों की मूर्तियां टूट-फूट गई हैं। भालू के सिर को किसी ने तोड़ दिया है। वहीं, शेर की पूंछ कई सालों से टूटी पड़ी है। पार्क में लगाई गई लाइट्स को भी बदमाशों ने तोड़ दिया है। यहां खंभों पर लगी झालर बंद है। पार्क में नए झूले लगाने के लिए दो साल से नगर पालिका तैयारी कर रही है, पर झूले नहीं लग सके हैं।




**प्रतिदिन 50 से 60 लोग पहुंच रहे**

हालांकि, अभी गर्मी बढ़ने के कारण पार्क में कम संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। दिनभर में 50-60 लोग ही पार्क में आ रहे हैं। पार्क दोपहर 4 से शाम 8 बजे तक खुला रहता है। जबकि दिसंबर, जनवरी व फरवरी में यहां 700 से ज्यादा टिकट तक बिकती है। यहां एक टिकट का शुल्क पांच रुपए है। बता दें कि मनोरंजन के अन्य साधन भी नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। इससे पार्क में आने वाले छोटे बच्चे निराश हो रहे हैं। गर्मी की छुट्टियां शुरू होने वाली है। पार्क में सुविधाएं नहीं बढ़ाई गई तो बच्चों और उनके परिजनों को निराश होकर लौटना पड़ेगा। शुक्रवार शाम 4.30 बजे इंदिरा पार्क पहुंचे जितेंद्र, सोनाली, शिवा, मीनाक्षी ने कहा कि पार्क में बच्चों के झूले टूटे हुए हैं। इनकी मरम्मत की ओर नगर पालिका को ध्यान देने की जरूरत है। लाइट भी टूटे व बंद पड़े हैं। राममंदिर वाटिका में झूले पुराने हो चुके बिजली ऑफिस के सामने राममंदिर वाटिका के झूले भी पुराने हो चुके हैं। वाटिका में बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं है। इससे बच्चे मायूस होकर लौट जाते हैं। जबकि वाटिका के आसपास रहवासी कॉलोनी है। कई लोग देर शाम यहां टहलने के लिए आते हैं। वाटिका का सौंदर्यीकरण हो जाए और यहां झूले लग जाए तो बड़ी संख्या में लोग यहां आने लगेंगे।

**झुमका तट से पार्क हटाया, मनोरंजन जैसा कुछ नहीं**

झुमका बोट क्लब में बांध के तट पर एसईसीएल ने पार्क की स्थापना की थी। इसमें कुछ झूले टूट चुके थे। झुमका महोत्सव व सीएम कार्यक्रम को लेकर पार्क के झूलों को यहां से हटा दिया गया। इससे झुमका तट पर बच्चों के मनोरंजन के लिए कुछ भी नहीं बचा। बोटिंग महंगा होने के कारण कम परिवार ही इसका लुत्फ उठा पाते हैं। तट पर एकमात्र बड़ी मछली के अंदर फिश एक्वेरियम ही बना है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की अनिश्चित कालीन हड़ताल



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ कोरिया अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आज से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

कोरिया जिले के समस्त सी एच ओ कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से ग्रामीण क्षेत्र में जिन मरीजों को प्राथमिक उपचार मिल जाता था अब उन मरीजों को भी उपचार के लिए जिला अस्पताल में आना मजबूरी हो जायेगी और पहले से क्षमता से ज्यादा मरीजों के उपचार को ले और अपनी लचर व्यवस्था के लिए सुर्खियों में रहने वाले कोरिया जिले के जिला अस्पताल प्रबंधन को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आप को बता दे की स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा तीन सूत्रीय मांगों में पहली मांग कार्य आधारित वेतन प्रत्येक माह के 15 तारीख तक मिल जाने की मांग की गई है। दूसरी मांग में महिला एसएचओ को सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखते हुए निज निवास से 25 किलो मीटर के अंदर ही पोस्टिंग दिया जाए। संघ के द्वारा तीसरी और अंतिम मांग कांकेर जिले के सी एच ओ प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा को बहाली किया जाए ।

## अवैध शराब बेचते महिला सहित 7 गिरफ्तार


**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशे के खिलाफ निजात अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते एक महिला सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 118 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1160 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब बेचते आरोपी मोतीलाल बंजारे 35 वर्ष व एक महिला जुग्गी बाई टंडन 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 33 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गंज थाना पुलिस ने आरोपी प्रकाश निहाल 39 वर्ष के पास से 16 पाव देशी शराब जब्त किया है।

## मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति ने रामगढ़ महोत्सव की बढ़ाई खूबसूरती



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखण्ड में स्थित भारत की प्राचीनतम नाटयशाला के रूप में विख्यात रामगढ़ में दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के सांसद चिंतामणी महाराज के मुख्य आतिथ्य में हुआ। आषाढ़ माह के प्रथम दिवस पर रामगढ़ की पहाड़ियों में महाकवि कालिदास ने खंडकाव्य मेघदूत की रचना की थी। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय स्टाल का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राम, छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि सरगुजा के इस ऐतिहासिक स्थल रामगढ में वनवास के दौरान भगवान राम, माता सीता एवं लक्ष्मण के आगमण एवं निवास का प्रमाण मिलता है, जो सीता बेंगरा गुफा के नाम से जानी जाती है। महाकवि कालिदास ने यहीं अपने खण्डकाव्य मेघदूतम की रचना की। इस ऐतिहासिक महत्व के स्थल को देश-विदेश में पहचान दिलाने लगभग 50 वर्षों से लगातार यहां महोत्सव का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भव्य हो।

# 20 वर्ष कारावास भोगना होगा दुष्कर्म के आरोपित को



**अंबिकापुर।** स्कूली छात्रा को झांसा देकर भगाकर ले जाने तथा कब्जे में रख दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला ( फास्ट ट्रैक, स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट) अंबिकापुर के न्यायालय ने रायगढ़ जिले के तमनार खालेपारा निवासी नरेंद्र साव (23) को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अर्थदंड का भी प्रविधान किया है। राज्य शासन की योजना के तहत पीड़िता को पांच लाख की क्षतिपूर्ति दिए जाने की अनुशंसा भी न्यायालय ने की है।

जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले की एक छात्रा बीते 12 अप्रैल 2022 को परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। घरवालों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। स्वजन ने पुलिस से शिकायत की थी। इस पर पुलिस ने धारा 363 का अपराध पंजीकृत किया था। स्कूली छात्रा की खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच 24 मई 2022 को पीड़िता का फोन उसके पिता के पास आया। जिस पर उसने खुद के रायगढ़ जिले के एक मंदिर के पास होने की जानकारी दी। इसी जानकारी के आधार पर पीड़िता के पिता व दादा के साथ पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया था। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपित नरेंद्र साव को अपहरण, दुष्कर्म तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल दाखिल किया था। प्रकरण के सारे तथ्यों की सुनवाई तथा पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला ( फास्ट ट्रैक, स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट) के न्यायालय ने आरोपित नरेंद्र साव को धारा 363,376(3), तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा का दोषी पाया। आरोपित को धारा 363 में तीन वर्ष तथा धारा 376 (3) में 20 वर्ष तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। तीनों धाराओं की सजा में अर्थदंड का भी प्रविधान किया गया है सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। पीड़िता से पूछताछ पर पता चला था कि आरोपित नरेंद्र साव झांसा देकर उसे भगा कर ले गया था। पीड़िता को रायगढ़ के एक औद्योगिक क्षेत्र में ले जाकर किराए के मकान में रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया।पीड़िता ने घर जाने की बात कही तो उसे धमकाया भी था। किसी तरह आरोपित के चंगुल से भाग कर छात्रा एक मंदिर के पास पहुंची थी। मार्ग से गुजर रहे लोगों से मोबाइल मांग कर उसने घर वालों को घटना की जानकारी दी थी। पीड़िता द्वारा दी गई जानकारी पर ही घर वालों ने पुलिस के साथ मिलकर उसे बरामद किया था।

## किसानों के चेहरे खिले

**रायपुर।** मानसून का इंतजार न केवल शहरी क्षेत्र अपितु ग्रामीणों को भी लंबे समय से इंतजार था। शुक्रवार एवं गुरुवार को हुई वर्षा से जहां किसानों के चेहरे खिल गये हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसानी के कामकाज में तेजी आई है।

## हल्की बारिश से सड़कों पर जल जमाव

**रायपुर।** अभी मानसून की शुरूआत हुई है। पूरी बरसात सामने है। बावजूद इसके साफसफाई के मामले में नगर निगम की लापरवाही दो दिन से हो रही वर्षा के दौरान सामने आई है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सड़कों पर हल्की बारिश होने से सफाई के अभाव में पानी जमा होने से आवाजाही प्रभावित हुई है। वहीं अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा पूर्व सड़कों के संधारण का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण लोग काफी नाराज है। इस संबंध में आज जोन क्रमांक तीन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों यथा पार्वती नगर, अमन नगर, पारस नगर, जगन्नाथ नगर, शक्ति नगर, बड़ा नाला एवं अन्य क्षेत्रों में सफाई के अभाव में वहां स्थित नालियों का कचरा गलियों में नजर आया। इस संबंध में दुलारी, मनटोरा, शंकर, आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में नगर निगम के जोन क्रमांक 3 के अधिकारियों को अवगत लिखित में कराया गया था इसके बाद भी नालियों की सफाई नहीं होने के कारण बदबू के मारे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

# गनेशिया की नहीं हुई सर्जरी, मां ने लगाई गुहार

**जनकपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से तीन आदिवासी बालिकाओं को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सर्जरी के लिए रायपुर के डी.के.एस सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल भेजा गया था। जहां दो आदिवासी बालिकाओं का सफल सर्जरी हुआ । वहीं भगवानपुर निवासी गनेशिया बैगा की सर्जरी अभी नहीं हो सकी। उसे डाक्टरों ने तीन महीने बाद बुलवाया है।जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डाक्टर राजीव कुमार रमन ने कहा की 2014 से हमारे यहां राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चे,आंगनवाड़ी के बच्चों का जमीनी स्तर पर सर्वे किया जाता है।यह सर्वे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किया जाता है।



जिस स्तर पर उसके इलाज की आवश्यकता होती है उसे स्तर तक उन्हें पहुंचाने का काम किया जाता है। इन बच्चों को चार महीने पूर्व भी रायपुर भेजा गया था। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि इन तीन बच्चियों को इसके पहले भी चिकित्सा के लिए रायपुर भेजा गया था। लेकिन उस समय किसी कारणवश इन बच्चियों का आपरेशन नहीं हो सका था। अब इन्हें दोबारा भेजा गया था । तीनों बच्चियों में दो की सफल सर्जरी की जा चुकी है । वहीं एक भगवानपुर की गनेशिया बैगा की उम्र अभी नौ माह है तीन माह बाद जब वह साल भर की हो जाएगी तब उसकी सर्जरी की जाएगी। भरतपुर तहसील के ग्राम पंचायत रामगढ़ के आश्रित ग्राम गिरवानी में आदिवासी गोंड सुग्रीव सिंह गोंड की बेटी ज्ञानवती 15 वर्ष की है जिनके पीठ के नीचे जन्म से ही एक छोटा घाव था जो काफी बड़ा हो गया था। जिसका सफल आपरेशन डी.के.एस सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में किया गया। जिससे स्वजन बहुत खुश हैं। भरतपुर तहसील के ग्राम पंचायत देवगढ़ के आश्रित ग्राम छपरा टोला निवासी मुकेश बैगा की बेटी अंजलि बैगा जो एक साल तीन महीने की है उसके के सिर में एक बड़ा सिस्ट हो गया था। जिसके कारण अंजलि बैगा को सुनाई भी नहीं देता था। मगर अंजलि बैगा का भी सफल आपरेशन डी.के.एस सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में किया गया अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। भरतपुर तहसील के ग्राम पंचायत भगवानपुर के आवास पारा मोहल्ला में सुखराम बैगा की बेटी गनेशिया बैगा जो नौ महीने की है जन्म से ही गनेशिया के सिर पर एक छोटा सिस्ट था। जिसके कारण आंख और नाक भी सिस्ट में घुस गया है। गनेशिया मात्र बिस्तर पर करवट ले सकती है। जिनका आपरेशन नहीं हो सका। डाक्टर ने उसे तीन महीने बाद सर्जरी के लिए रायपुर फिर बुलवाया है। गनेशिया की मां हिरमतिया का कहना है कि बच्ची मां का दूध नहीं पीती है उसे बाहरी दूध पिलाना पड़ता है। मगर इस गरीब बैगा परिवार की स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह बच्ची को खरीद कर दूध पीला सकें। हल्की अगल-बगल से कर्ज लेकर बच्ची को दूध और खाने की व्यवस्था बनाई जा रही है। शासन द्वारा मात्र सेतुआ दिया जाता है। यह गरीब बैगा परिवार आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। हिरमतिया प्रशासन से गुहार लगा रही है कि उसकी बच्ची के भरण पोषण के लिए उसे कुछ आर्थिक सहायता दी जाए जिससे उसकी बच्ची सर्जरी होने तक स्वास्थ्य रहे और उसका वजन भी ठीक हो जाए। बच्ची का वजन अभी मात्र छह किलो है।

# दुर्घटना से शुरूआत हुई बतौली के नवनिर्मित फ्लाई ओव्हर पर संचालन की




**बतौली।** सरगुजा के लुचकी घाट में बहु प्रतीक्षित फ्लाई ओवर का संचालन शुरू हुआ था कि पहले ही दिन दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर से संचालन फिर से बंद करना पड़ गया। अब एक दो दिन में फ्लाई ओवर से आवागमन आरंभ होने की उम्मीद है। काफी समय से लोग इस फ्लाईओवर के शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे थे । पहले ही दिन दुर्घटना से आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर लुचकी घाट के पास फ्लाई ओवर पिछले दो सालों से बनाया जा रहा था ।बेसब्री से लोग इसके पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे थे । नईदुनिया में पिछले दिनों प्रकाशित खबर में इस बात का उल्लेख था कि कि जून के दूसरे पखवाड़े में इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा। शुक्रवार देर शाम को अचानक इसका संचालन सभी सुरक्षा मानकों के तहत शुरू किया गया था। इसी दौरान दो ट्रक अंबिकापुर वाले छोर पर टकरा गए और रास्ता फिर से बंद करना पड़ा ।पहले ही दिन दुर्घटना के बाद आवाजाही बंद करनी पड़ी है। बता दें कि पुल का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। छोटा सा हिस्सा अप्रोच रोड का बनाना बाकी रह गया था, जिस वजह से दुर्घटना हुई है। इस समय फिर से बाइपास से ही आवाजाही की सुविधा दी गई है । उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही नए फ्लाई ओवर से आवागमन आरंभ हो जाएगा। बता दें कि लुचकी घाट में बरसात के दिनों में लोगों को आने-जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लुचकी घाट का इलाका पार करने में ही 15 मिनट का समय अतिरिक्त लग रहा था। फ्लाईओवर के शुरू होने से लोगों को अंबिकापुर पहुंचना काफी आसान हो जाएगा। निर्माण करा रही कंपनी ने भी जून माह में बरसात से पहले पुल को शुरू करने में काफी पसीना बहाया है।

## प्रदेश के 5 कॉलेज डिफाल्टर घोषित

**रायपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने लोकपाल नियुक्त नहीं करने पर विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। डिफाल्टर कॉलेजों की लिस्ट में छत्तीसगढ़ के पांच राज्य विश्वविद्यालयों के भी नाम शामिल हैं। बता दें कि प्रत्येक विश्वविद्यालय को यूजीसी के नियमों के अनुसार छात्रों की शिकायतों के निराकरण के लिए लोकपाल नियुक्त करना है। डिफाल्टर कॉलेजों की लिस्ट में आयुष एंड हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी ऑफ छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी उद्यानिकी एंड वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा दुर्ग, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय दुर्ग के नाम शामिल है। बता दें कि इसके पहले भी लिस्ट जारी हुई थी, जिसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का नाम शामिल था। जिसके बाद इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने लोकपाल की नियुक्ति कर दी है। यूजीसी की तरफ से जारी सूची में देश भर के 108 राज्य विश्वविद्यालय, 47 निजी विश्वविद्यालय और दो डीम्ड विश्वविद्यालयों के नाम शामिल है। यूजीसी ने ईमेल आइडी जारी कर निर्देश दिया है कि जो विश्वविद्यालय लोकपाल नियुक्त कर चुके हैं अथवा बाद में करेंगे तो ईमेल के जरिए लोकपालों की जानकारी साझा कर सकते हैं।

## गर्मी में सूखी कन्हर नदी, पौने दो महीने से लोगों को नियमित पानी दे रहा नगरीय निकाय

**रामानुजगंज।** कन्हर नदी के सूखे 80 दिन से अधिक गुजर गये। कन्हर नदी के सूखने के पहले दिन से ही नगर में नियमित जलप्रदाय व्यवस्था करना नगर पंचायत के सामने बड़ी चुनौती थी। परंतु 80 दिनों मे नियमित्त पेयजल सप्लाई एक दिन भी बाधित नहीं हुई पेयजल सप्लाई कम जरूर हो गया। नगर पंचायत के द्वारा नगर में टैंकर के माध्यम से भी जल आपूर्ति की जा रही है।



गौरतलब है कि अप्रैल पहले सप्ताह से ही कन्हर नदी पूर्णत सूख गया था। जिससे नगर में नियमित जलप्रदाय व्यवस्था करना नगर पंचायत के सामने बड़ी चुनौती थी।कन्हर की स्थिति देखकर नगर पंचायत के हाथ पांव फूलना शुरू हो गए थे। परंतु नगर पंचायत के द्वारा नदी में पोकलेन मशीन से डबरी निर्माण कराकर जल आपूर्ति को बाधित नहीं होने दिया यहां तक की डबरी का निर्माण के बाद भी डबरी के आकार को कई बार नगर पंचायत के द्वारा बड़ा करवाया गया। डबरी से नियमित पानी सप्लाई करना एक बड़ी चुनौती नगर पंचायत के सामने थी। नगर पंचायत के जल प्रदाय प्रभारी विनोद केसरी ने बताया कि डबरी से पानी की नियमित सप्लाई करते रहे कभी नियमित जल आपूर्ति बाधित नहीं हुई। परंतु डबरी से पानी सप्लाई करना चुनौती है क्योंकि प्रतिदिन डबरी को सफाई कराना एवं मोटर में रेत भरने की समस्या हो रही है इसके सफाई के लिए नियमित रूप से मजदूर लगाए जा रहे है। नगर पंचायत के लिए डबरी से नियमित पेयजल आपूर्ति करना एक बड़ी चुनौती थी जिसके लिए नगर पंचायत के कर्मचारी 24 घंटे सजग रहना पड़ता है।नगर पंचायत कर्मचारी के सजगता के चलते ही नियमित जल आपूर्ति कभी बाधित नहीं हुई। नगर पंचायत के द्वारा निर्मित पेयजल आपूर्ति काफी कम हो गया है वहीं कई वार्डों में पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं होने से भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया है। इस बीच नगर पंचायत के द्वारा नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जारी है। नगर पंचायत रमन अग्रवाल ने कहा कि अप्रैल माह में ही कन्हर के सूखने के बाद नियमित जल आपूर्ति करना निश्चित रूप से हम सबके लिए बड़ी चुनौती थी। परंतु नगर पंचायत के कर्मचारी एवं पार्षदों के सहयोग से कन्हर नदी सूखने के 80 दिन से अधिक समय व्यतीत हो गए परंतु एक दिन भी नियमित जल आपूर्ति बाधित नहीं हुई यह जरूर है कि नगरवासियों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी की मात्रा कम हुई है। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर पंचायत के कर्मचारी 24 घंटे सजग है, वहीं जब-जब आवश्यकता पड़ी तत्काल हम लोगों ने डबरी का निर्माण कराया एवं डबरी के आकार को बड़ा कराया वहीं जहां-जहां से पानी की समस्या आ रही है वहां तत्काल टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जारी है। मई माह से ही नगर पंचायत के कर्मचारी पानी की आपूर्ति को लेकर अलर्ट मूड में है।

### पीपीटी में 1507 छात्र हुए शामिल, दोनों परीक्षाओं में 19000 पंजीकृत

# शिक्षक बनने के लिए डिग्री धारकों ने दी 50 केन्द्रों में पात्रता परीक्षा


फाईल फोटो

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने और दो चुनाव की व्यस्तता के बाद अब प्रतियोगी चयन परीक्षाएं शुरू हुई है। रविवार का दिन तीन परीक्षाओं को समर्पित रहा। कोरबा जिले में 55 केंद्र इन परीक्षाओं के लिए बनाए गए जहां पर 19000 से ज्यादा आवेदक पंजीकृत हुए। इनमें से काफी संख्या में आवेदक होने परीक्षा को फेस किया। जबकि आवेदकों की कुछ संख्या अलग-अलग कारण से इस परीक्षा से दुर रही। परीक्षा संपन्न करने के लिए प्रशासन की ओर से पारदर्शी और सख्त व्यवस्था सभी केंद्र में की गई।

इन परीक्षाओं के लिए तीन अलग-अलग चरण में व्यवस्था की गई। डिप्टी कलेक्टर स्टार के अधिकारी को परीक्षा संपादन के लिए नोडल ऑफिसर बनाया गया। जबकि लीड कॉलेज कोरबा की प्रिंसिपल डॉक्टर साधना करें को सहायक नोडल ऑफिसर की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त सभी केदो के लिए प्रभारी और पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए जिन्होंने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। कोरबा नगर के अलावा आसपास के कॉलेज ब स्कूलों को परीक्षा केंद्र के रूप में अधिकृत किया गया। बताया गया कि रविवार को सुबह 9:15 से 12 बजे तक प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट की परीक्षा 5 केंद्रों में ली गई। इस परीक्षा के लिए 1507 छात्रों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

रविवार को दो चरण में टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट टीईटी परीक्षा भी रखी गई। सहायक नोडल ऑफिसर ने बताया कि प्रथम शिफ्ट में इस परीक्षा के लिए 17 केंद्र बनाए गए जहां पर 6553 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हुए। इसके लिए सुबह 9:30 से दोपहर 12ः15 बजे का समय अधिसूचित किया गया। जबकि द्वितीय शिफ्ट में इसी परीक्षा के लिए 33 केंद्र बनाए गए हैं यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:45 बजे तक संपन्न होगी। इसके लिए 10963 परीक्षार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इन तीनों परीक्षाओं में प्रशासन के निर्देश पर परीक्षार्थियों को केवल लेखन सामग्री लाने की सुविधा दी गई। मोबाइल और अन्य चीजों को इसे प्रतिबंधित किया गया। किसी भी तरह से अनुचित साधन का इस्तेमाल ना हो सके, इसके लिए उपयुक्त जांच प्रक्रिया भी परीक्षा से पूर्व अपनाई गई।

### पहली जुलाई से बदलेंगे कई कानून,कार्यशाला में दी जानकारी

**कोरबा।** भारत सरकार ने अलग-अलग कारणों से कई कानूनों को बदल दिया है जो लंबे समय से प्रचलित है। कई प्रकार के विसंगतियों और तकनीकि आधार पर यह परिवर्तन किया गया है। भारतीय दण्ड विधान को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जायेगा। इसके साथ ही अनेक धाराओं को परिवर्तित किया गया है। नये कानून का स्वरूप और उसकी कार्य पद्धति के मामले में विवेचना भी बदलेगी। आज जिला पंचायत में इसे लेकर एक कार्यशाला रखी गयी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कार्यशाला में संबंधित अधिकारियों को इस बारे में सम्यक जानकारी दी।

# नपा के रूप में कितना हो सकेगा विकास, बना हुआ है संशय

**कोरबा।** प्रदेश के लाभकारी नगर निगम में शामिल कोरबा के साथ गठन के समय से उपस्थित रहे बांकीमोंगरा क्षेत्र को उसकी मांग पर अलग कर दिया गया है। उसे नगर पालिका का दर्जा दिया गया। पहली बार यहां चुनाव संपन्न होंगे। इससे पहले अब क्षेत्र में इस बात पर मंथन हो रहा है कि क्या लोगों ने कहीं इस तरह की मांग कर गलती तो नहीं कर दी। दरअसल विकास के मामले में छोटे निकायों की तुलना में बड़े निकायों को वित्तीय मद्द और संसाधन ज्यादा मिलते है।

नगर निगम कोरबा में 08 वार्डों को पृथक कर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में जोड़ा गया है। नगर निगम के 1999 में अस्तित्व में आने के साथ यह क्षेत्र इसमें शामिल रहा। 25 वर्ष की इस यात्रा में प्रदेश और केंद्र नगरीय विकास विभाग की ओर से प्राप्त फण्ड के जरिए इस क्षेत्र में बुनियादी से लेकर अन्य सुविधाएं प्रदान की गयी। खबर के मुताबिक नगर पालिका के प्रथम चुनाव से पहले वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया जारी है। निगम के पूर्व 08 वार्डों की कुल आबादी का विभाजन कर इसे 30 वार्डों में समायोजित किया जा रहा है। इस हिसाब से आगे की व्यवस्था पर काम होगा। जानकारों का कहना है कि जिले में दूसरे निकायों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। ऊपर से बांकीमोंगरा में संसाधनों का टोटा स्पष्ट दिख रहा है। कहीं ऐसे में क्षेत्र की ओर से अलग नगर पालिका गठित करने का जो प्रस्ताव उन्होंने दियाा था, कहीं वह दांव उल्टा न पड़ जाये।

# नगर निगम की सफाई व्यवस्था लचर

## मोतीसागरपारा में खुले में पड़ा कचरा, बढ़ी परेशानी



**कोरबा।** कोरबा शहर के वार्डो में नगर पालिक निगम की सफाई व्यवस्था लचर बनी हुई हैं। यहां के मोती सागर पारा वार्ड क्रमांक 7 में मुख्यमार्ग पर कचरा खुले में पड़ा हुआ है। कचरे को उठाने के लिए अथवा साफ-सफाई हेतु ना तो नगर निगम का सफाई अमला ध्यान दे रहा है और न ही स्वच्छता दीदियां डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए पहुंच रही है। खुले में कचरा के पड़े रहने से आने जाने वालो को परेशानियां उठानी पड़ रही है। वहीं इससे उठने वाले सड़ांध से सक्रमंण का खतरा बढ़ गया है। वार्ड के निवासियों एवं अधिवक्ता धनेश सिंह ने इसकी शिकायत निगम आयुक्त से करते हुए तत्काल समस्या से निजात दिलाने मांग की है। निगम आयुक्त को भेजे शिकायत में कहा गया है कि वार्ड क्रमांक 7 मोती सागर पारा स्थित मार्ग पर कचरा काफी दिनों से पड़ा हुआ है। इसे उठाने तथा साफ सफाई करने के लिए न तो नगर निगम का सफाई अमला ध्यान दे रहा है। और न ही स्वच्छता दीदियां व ठेकेदार इसे लेकर गंभीर है। खुले में पड़े कचरे को अवारा पशु इधर-उधर बिखेर दे रहे है। जिससे आने जाने वाले को बेहद परेशानिशियों का सामना करना पड़ रहा है। कचरे से सड़ांध भी उठ रहे हू। जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। और संक्रमण का खतरा बना हुआ है। वार्ड वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही स्वच्छता अभियान चला कर कचरो को साफ नही किया गया तो वें अपनी मांगो को लेकर आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदारी निगम प्रशासन की होगी।

### मुड़ापार वार्ड में भी समस्या



नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 26 में भी साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है। यहां के नालियों की सफाई नहीं हो रही है। जिसके कारण नाली जाम हो गई है। जिसके कारण नाली का गंदा पानी लोगो के घरो में घूस रहा है। वहीं सड़क पर भी गंदा पानी बह रहा है। जिसके कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कल हुई हल्की बारिश ने निगम की सफाई व्यवस्था का पोल खोल दिया। लोगों के घरो में गंदा पानी घूसने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### जाकिर हुसैन की स्मृति में कार्यक्रम

**कोरबा।** गायक जाकिर हुसैन के स्मृति में डिस्ट्रिक आर्टिस्ट एसोसियेशन द्वारा गीतांजली भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन उपस्थिति थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय सिंह, कमल जीत सिंह सहित अन्य कलाकारों ने सहयोग प्रदान किया।

* **कोरबा।** बरसात को लेकर मौसम विभाग के दावों का दम निकल रहा है। शुरूआती दौर में ही खण्ड वर्षा के हालात बने हुए है। लोग प्रतीक्षा में है कि कब बारिस होगी।

## व्हालीवॉल कैंप संपन्न,मंत्री ने बांटे प्रमाण-पत्र



**कोरबा।** एसईसीएल वॉलीबाल खेल मैदान में आयोजित ग्रीष्म कालीन व्हालीवाल खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आज प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।
शिविर 20 मई से शुरू होकर 20 जून चला। इस दौरान खेल प्रशिक्षकों ने शिविर में भाग ले रहे खिलाड़ियों का खेल के कई गुर सिखाएं। इस अवसर पर मंत्री ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, जिला वॉलीबाल संघ के सुशील गर्ग, उपाध्यक्ष नवीन सिंह, कोषाध्यक्ष ज्ञानेश तिलवणकर, डीएस मिश्रा, शैलेश तिवारी पूर्व पार्षद मनोरमा शर्मा, धन कुमारी गर्ग साहू समाज के जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू एवं खेल अधिकारी रामकृपाल साहू उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत, लोग परेशान

**नगर संवाददाता**

**कोरबा।** बरसात की प्रतीक्षा के बीच कई गांव पानी के संकट से जूझ रहे है। उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए बेमतलब के स्रोतों का सहारा भी लेना पड़ रहा है।



मुड़ापार के टिकरीपारा में मोहल्लावासियों ने जल संकट को लेकर नाराजगी दिखाई। ग्राम सरपंच मूलभूत राशि का सही उपयोग नहीं कर पा रहा है। टिकरी पारा में दो जगह बोर खनन हुआ है जिसमें एक हैंडपंप खराब हो चुका है। अगर उसमें सफाई कार्य कर बनाया जाए मशीन को लगाया जाए तो हैंडपंप चालू हो जाएगा।

इसी तरह एक वर्ष पूर्व एक बोर खनन हुआ है जिसमें मोटर फसने की बात कही गई है। उसे भी निकाल कर अगर सरपंच सचिव के द्वारा ध्यान दिया जाए तो यह भी बोर बन सकता है। केवल सरपंच ऐसे कार्य को दरकिनार कर रहा है। ऐसा प्रतीत होता है सरपंच अगर चाहे तो दो दिनों में पानी की समस्या को दूर कर सकता था लेकिन पूरी गर्मी के समय मोहल्ला वासी आसपास से पानी मांग कर अपना जीवन यापन करने को मजबूर रहे।



**आ गया जामून** || बरसात की सक्रियता से पहले इस मौसम का सबसे पंसदीदा फल जामून भरपूर आवक के साथ मार्केट में उपलब्ध है। जिले के लोगों की जरूरत कोरबा के घिनारा और पेण्डरा रोड से पूरी हो रही है।

## डॉ. मुखर्जी की पूण्यतिथि पर बांटे फल, हरियाली बिखेरी

**कोरबा।** जम्मू-कश्मीर में दो विधान, दो निशान को समाप्त करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष करने वाले जन नायक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पूण्यतिथि पर याद किया गया। दीपका नगर में भाजपाईयों ने स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर फल वितरण किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दुबे, सूर्यप्रकाश शर्मा, अरूणिश तिवारी, राजू प्रजापति सहित अनेकों कार्यकर्ता थे। इसके बाद उद्यान में भाजपाईयों ने पौधरोपण किया। कटघोरा मंडल द्वारा सरकारी स्कूल में भी पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धन्नू दुबे, राजेन्द्र टंडन, अभिषेक गर्ग, उत्तम रंधावा, संदीप सिंह, जय गर्ग, किशन केशरवानी, विवेक मारकंडे, अनुराग दुहलानी मौजूद रहेंगे। तिवरता हरदीबाजार मंडल का भी कार्यक्रम किया गया है। यहां मंडल अध्यक्ष हरिश थरवानी ने संगोष्ठी के लिए कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया है। कोरबा पूर्व विद्युत मंडल गेट के निकट भी एक कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन, डॉ. राजीव सिंह, वैशाली रत्नपारखी, मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह, रमामिरी, सुमन सोनी, सरजू अजय, सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बांकीमोंगरा मंडल के गेवरा बस्ती में मुकुल कर्ष, लखन राठौर विकास नगर में मनीष मिश्रा, लक्ष्मीकांत जगत, बांकीमोंगरा में हनुमान पांडेय, भागवत विश्वकर्मा कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### जंगलों का होगा सफाया

**कोरबा।** करतला ब्लॉक के जंगलों का सफाया होना तय हो गया है। कोल मंत्रालय ने कमर्शियल माइनिंग के लिए जो नीलामी प्रक्रिया शुरू की है उसमें कोरबा के करतला ब्लॉक स्थित चार कोयला भण्डार भी शामिल है। इन चार कोयला ब्लॉक में करतला साउथ,करतला नॉर्थ, कोटमेर साउथ और कोटमेर नॉर्थ शामिल है। यहां 2317 मिलियन टन कोयले का भंडार होना आंकलित किया गया है। हालांकि नीलामी की सूची में उक्त चारों ब्लॉक को रायगढ़ मांड क्षेत्र का बताया गया है किंतु ये दरअसल कोरबा जिले में स्थित है। शुक्रवार को कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कमॅर्शियल कोल माइनिंग के तहत कोयला खदानों की नीलामी के 10वें दौर की शुरुआत की। 8 राज्यों के 67 कोल ब्लॉक्स की नीलामी की जाएगी। इनमें छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा,रायगढ़ और अन्य जिले की 17 कोयला खदानें सम्मिलित हैं।

## नेहरू नगर में उपयोगी पौधे लगाए यूथ हॉस्टल ने, होगा संरक्षण

**कोरबा।** साहसिक और रोमांचक गतिविधियों के क्षेत्र में काम करने वाले संगठन यूथ हॉस्टल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा मानसून सत्र में पर्यावरण को लेकर भी अपने सामाजिक सरोकार दिखाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में संगठन की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

कोरबा इकाई ने 23 जून को नेहरू नगर कोरबा में किया। संगठन की ओर से इस क्षेत्र में पर्यावरण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जामुन, अमरूद, चीकू व अन्य फलों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के सदस्यों ने पौधों की सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में पति परिवार, सेठ परिवार, शर्मा परिवार, ताम्रकार परिवार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन यूनिट चेयरमैन संदीप सेठ के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी को जलपान कराया गया। आयोजन करने वाले संगठन की ओर से बताया गया कि पिछले वर्षों में हसदेव नदी के किनारे भी इस प्रकार की कोशिश की गई है ताकि क्षेत्र की जनता को लाभ देने के साथ और वहां के पर्यावरण को बेहतर किया जा सके।











स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com